मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 8 अंक 114
मंगलवार, 04 नवम्बर 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की जोड़ी ने बिहार को 'जंगल राज' से मुक्ति दिलाई है : अमित शाह

**पटना, 03 नवम्बर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी साझेदारी ने बिहार को जंगल राज से मुक्ति दिलाई और वंशवाद का अंत किया। उन्होंने राजद के लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार तथा कांग्रेस नेतृत्व पर अपने वंशजों को सत्ता में बिठाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। सीतामढ़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की जोड़ी ने बिहार को 'जंगल राज' से मुक्ति दिलाई है। हमने वंशवाद का अंत किया। लालू जी और राबड़ी जी अपने बेटे को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। सोनिया गांधी अपने बेटे को देश का प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। लेकिन मैं लालू-राबड़ी और सोनिया जी को यह बताने आया हूँ कि न तो लालू जी का बेटा मुख्यमंत्री बनेगा और न ही सोनिया जी का बेटा प्रधानमंत्री। क्योंकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश जी हैं और नरेंद्र मोदी जी दिल्ली (केंद्र) में सत्ता में हैं।



अपने पहले के बयानों को दोहराते हुए गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हालिया 'मतदाता अधिकार यात्रा' पर हमला बोला और इसे 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' बताया। शाह ने कहा, राहुल गांधी हाल ही में यहाँ आए थे। उन्होंने 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' निकाली थी। रीगा सीमा के पास स्थित है; यह नेपाल के पास है। मुझे बताइए, क्या बांग्लादेशी घुसपैठियों को बिहार की मतदाता सूची से नहीं हटाया जाना चाहिए? ये घुसपैठिए गरीबों के अनाज का हिस्सा हड़प लेते हैं, युवाओं से रोजगार छीन लेते हैं और जो बांग्लादेश से यहाँ आए हैं, उन्हें यहाँ वोट देने और बिहार का मुख्यमंत्री चुनने का कोई अधिकार नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री ने पहली बार दावा किया कि पूरा बिहार शाम 5 बजे तक मतदान करेगा क्योंकि अब बिहार नक्सल मुक्त है। उन्होंने कहा, केंद्र में कांग्रेस सत्ता में थी। बिहार के कई ज़िले नक्सल प्रभावित थे। मतदान दोपहर 3 बजे समाप्त हो जाता था। अब पहली बार पूरा बिहार शाम 5 बजे तक मतदान करेगा क्योंकि अब बिहार नक्सल मुक्त है। 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा के लिए मतदान दो चरणों में 6 नवंबर और 11 नवंबर को होना है, जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी।

## दिल्ली हाईकोर्ट का बड़ा फैसला : हर वादाखिलाफी दुष्कर्म नहीं, सहमति पर कानून का दुरुपयोग न हो

**नई दिल्ली, 03 नवम्बर।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि हर वादे के टूटने को झूठे विवाह के वादे के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह फैसला एक ऐसे मामले में आया है जिसमें 20 वर्षीय युवक पर अपनी पड़ोसी के साथ दो साल तक विवाह का झूठा वादा कर दुष्कर्म करने का आरोप लगा था। कोर्ट ने आरोपी को जमानत देते हुए कहा कि मामला सहमति पर आधारित रिश्ते का प्रतीत होता है और इसे दुष्कर्म का मामला मानना उचित नहीं है।बता दें कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसे होटलों में बुलाकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए और हर बार विवाह की बात करने पर टालमटोल करता रहा। एक बार तो वे विवाह पंजीकरण के लिए तिस हजारी कोर्ट भी गए, लेकिन आरोपी कथित तौर पर अपने माता-पिता को बुलाने का बहाना बनाकर वहां से





चला गया और वापस नहीं लौटा। मौजूद जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने आरोपी के माता-पिता से संपर्क करने की कोशिश भी की, लेकिन वह असफल रहीं।जस्टिस रविंद्र दुडेजा ने अपने आदेश में कहा कि झूठे वादे और वादाखिलाफी में अंतर होता है। कोर्ट ने साफ किया कि यदि आरोपी शुरू से विवाह का इरादा न रखता हो और केवल शारीरिक संबंध बनाने के लिए झूठा वादा करे, तो वह दुष्कर्म की श्रेणी में आएगा। लेकिन अगर वास्तव में विवाह का इरादा था और बाद में किसी कारणवश वह पूरा नहीं हो सका, तो उसे हर मामले में धोखाधड़ी नहीं माना जा सकता है।कोर्ट ने व्हाट्सएप चैट्स का हवाला देते हुए कहा कि शुरूआत में दोनों के बीच आपसी सहमति और प्रेम संबंध थे, जिसमें धोखे का कोई संकेत नहीं दिखाई देता। गौरतलब है कि शिकायतकर्ता द्वारा कई बार आत्महत्या की धमकी देने और जबरन विवाह के लिए दबाव बनाने जैसी बातें भी सामने आईं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि रिश्ता समय के साथ बिगड़ कर विवादित हो गया है।

कोर्ट ने यह भी कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत लगाए गए आरोप गंभीर हैं, लेकिन आपसी सहमति से बने रिश्ते के खराब होने पर आपराधिक कानून का दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए। कोर्ट ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि आरोप यदि अतिरंजित या दुर्भावनापूर्ण प्रतीत हों, तो आरोपी को जमानत देना न्यायसंगत है।

## अधिकारी लोगों की शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निरस्तारण करें : मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर, 03 नवम्बर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को लोगों की शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने का सोमवार को निर्देश दिया। शर्मा ने यह निर्देश मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई के दौरान दिया।

आधिकारिक बयान के अनुसार, शर्मा ने जनसुनवाई में आई महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की समस्याओं को सबसे पहले सुना और अधिकारियों को उनकी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। शर्मा ने जनसुनवाई में आए लोगों की कई समस्याओं का संतोषजनक निस्तारण किया।मुख्यमंत्री ने कहा, ह्लजनसुनवाई में परिवादी अपनी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से बड़ी उम्मीद रखते हैं। ऐसे में अधिकारी उनकी समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए



समयबद्ध निस्तारण करें तथा अधिकारी पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ काम करते हुए लोगों को राहत दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी नियमित रूप से स्थानीय स्तर पर जनसुनवाई करें तथा आमजन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का निस्तारण प्राथमिकता से हो। शर्मा ने इस दौरान कृषि, गृह, राजस्व, सिंचाई, परिवहन, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, मनरेगा, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के पोस्टरों का विमोचन किया।

## एनडीए ने बिहार को बदहाल किया, जनता देगी करारा जवाब: मल्लिकार्जुन खड़गे

**पटना, 03 नवम्बर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) पर तीखा हमला बोला और उन पर बिहार को बदहाल बनाने, शिक्षा को बर्बाद करने, रोजगार की उपेक्षा करने और एक करोड़ नौकरियों के झूठे वादों से जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। बिहार के पटना में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, उन्होंने बिहार को बदहाल कर दिया है। उन्होंने स्कूलों को बर्बाद कर दिया है। हमारे पास शिक्षक नहीं हैं, और आज पूरे देश में कोई नौकरी नहीं है। विश्वविद्यालयों, पुलिस, केंद्रीय पुलिस, रेलवे और भारत सरकार में 50 लाख नौकरियां खाली हैं। उन्हें लोगों की भर्ती करनी चाहिए। वे भर्ती



नहीं कर रहे हैं, और यहाँ वे एक करोड़ नौकरियों की बात कर रहे हैं। बिहार के मतदाताओं की प्रशंसा करते हुए खड़गे ने कहा, इसलिए इस बार जनता ऐसे झूठों को सबक सिखाएगी। बिहार राजनीतिक रूप से जागरूक राज्य है। यहाँ गरीबी और बेरोजगारी भले ही हो, लेकिन राजनीतिक रूप से हर कोई बहुत समझदार है। उन्हें पता है कि कब वोट देना है, कैसे वोट देना है और किसे वोट देना है। इससे पहले, आज बिहार के राजा पाकर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए खड़गे ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा और उनके लंबे कार्यकाल और प्रभावशीलता पर सवाल उठाए। खड़गे ने कहा, आप 20 साल में जंगल राज खत्म नहीं कर पाए? आपकी तमाम गालियों के बावजूद, कांग्रेस और राजद यहाँ से चुनाव जीत रहे हैं। नीतीश कुमार अपने 20 साल के शासन में जो नहीं कर पाए, क्या अब करेंगे? खड़गे ने तीखे राजनीतिक हमले में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी कीमत पर नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे। खड़गे ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री नहीं बनाने वाले। वह अपने किसी चेले को लाकर कुर्सी पर बिठा देंगे। कहेंगे, 'तुम्हारा काम हो गया, तुम्हारी तबीयत ठीक नहीं है, तुम घर पर रहो।' 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा के लिए 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा। नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएँगे।

## घर में बने सेप्टिक टैंक की जहरीली गैस की चपेट में आने से दो भाइयों की मौत

**गौतमबुद्धनगर, 03 नवम्बर।** उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले के एक घर में बने सेप्टिक टैंक की जहरीली गैस की चपेट में आने से सोमवार को दो भाइयों की मौत हो गई जबकि एक अन्य शख्स बीमार पड़ गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना थाना सेक्टर 63 क्षेत्र के चोटपुर कॉलोनी में हुई है जहां एक घर में बने सेप्टिक टैंक के ऊपर रखा पत्थर का ढक्कन टूटने से चंद्रभान (40) उसमें जा गिरा और उसे बचाने लिए राजू भी टैंक में कूद गया और दोनों बेहोश हो गए।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि उनका पड़ोसी हेमंत सिंह उन्हें बचाने के लिए टैंक में घुसने लगा तो वह भी जहरीली गैस की चपेट में आ गया और आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

## वायनाड में बस यात्री से 1.2 करोड़ रुपये की नकदी जब्त



**वायनाड, 03 नवम्बर।** आबकारी विभाग ने यहां मेनंगडी में कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस में यात्रा कर रहे एक यात्री से 1.2 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है। यह नकदी हवाला से जुड़ी होने का संदेह है।

विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। आबकारी अधिकारियों ने बताया कि मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत बस की तलाशी ली गई और मलप्पुरम निवासी अम्मातुर अब्दुल रज्जाक नामक यात्री से यह नकदी बरामद की गई।

एक अधिकारी ने बताया कि रज्जाक बेंगलुरु से कोझिकोड जा रही बस में सवार था। उन्होंने बताया कि आबकारी अधिकारियों ने बस में सवार यात्रियों के सामान की जांच की।

एक अधिकारी ने बताया, तलाशी के दौरान अधिकारियों को एक बैग मिला जिसमें 1.2 करोड़ रुपये की नकदी थी।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान रज्जाक ने दावा किया कि बैग उसे एक अज्ञात व्यक्ति ने कोझिकोड में किसी अन्य व्यक्ति को देने के लिए दिया था।

अधिकारी ने कहा, रज्जाक ने दावा किया कि उसे बैग देने वाले और उसे जिस व्यक्ति को पहुंचाया जाना था, उनके बारे में जानकारी नहीं है। आबकारी अधिकारियों को संदेह है कि रज्जाक केरल और कर्नाटक के बीच संचालित हवाला नेटवर्क के लिए कूरियर का काम कर रहा था। विभाग ने कहा कि आरोपी और जब्त धनराशि को आगे की जांच के लिए पुलिस या आयकर विभाग को सौंप दिया जाएगा।

आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनवाने के लिए
सम्पर्क करे: 9199355950





## अजित पवार ने स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राकांपा की तैयारियों का जायजा लिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राकांपा प्रमुख अजित पवार ने संगठन को मजबूत करने और आगामी स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारी के प्रयासों के तहत सोमवार को मुंबई में अपनी पार्टी की जिला और ब्लॉक समितियों के साथ बैठकें कीं।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने एक बयान में कहा कि बैठकों में वर्तमान संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा, स्थानीय चुनौतियों की पहचान और राज्य व जिला नेतृत्व के बीच समन्वय में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया। राज्य में बृहन्मुंबई नगर निगम सहित विभिन्न स्थानीय निकायों के चुनाव जनवरी 2026 तक पूरे होने हैं।



# भारतीय महिला क्रिकेट: नई उड़ान, नई संभावना को सलाम



-ललित गर्ग

2नवंबर 2025 का रविवार भारतीय खेल जगत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो गया। यह वह दिन था जब नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकेडमी मैदान न केवल एक विश्व कप का साक्षी बना, बल्कि भारतीय महिला शक्ति की अजेय प्रतिभा और जज्बे का भी प्रमाण देखा। शेफाली वर्मा ने 87 रन की पारी खेल कर विश्वकप को भारत के नाम कराने में अमूल्य योगदान दिया। शेफाली की यह पारी आत्मविश्वास से भरी होने के साथ-साथ सनसनीखेज पारी रही। इसी के साथ स्मृति मंधाना ने अपना सर्वश्रेष्ठ देते हुए भारत के लिये सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी। उनकी टाइमिंग एवं कंवर ड्राइव ने सबका दिल जीत लिया। वैसे टीम का हर खिलाड़ी इस आश्चर्यकारी जीत के लिये बधाई का पात्र है। निश्चित ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 अपने नाम कर ऐसा इतिहास रचा, जो न केवल खेल का अध्याय है बल्कि सामाजिक परिवर्तन और नारी सशक्तिकरण की प्रेरक गाथा भी है। विश्व विजेता बनने के बाद भारतीय




महिला क्रिकेट की टीम की चर्चा दुनिया के हर कोने में हो रही है।

यह जीत केवल एक ट्रॉफी भर नहीं, बल्कि उस नारी शक्ति का उद्घोष है जो वर्षों से अपने अस्तित्व को साबित करने में लगी थी। भारतीय बेटियों ने मैदान में यह दिखा दिया कि अब ह्रखेलह्न सिर्फ पुरुषों का क्षेत्र नहीं रहा, यह वह मंच है जहां नारी की प्रतिभा, रणनीति, धैर्य और आत्मविश्वास अपनी सर्वश्रेष्ठ अभिव्यक्ति पा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए कहा कि ह्रयह केवल क्रिकेट की जीत नहीं, बल्कि भारत की नारी शक्ति, परिश्रम और आत्मविश्वास की जीत है। सच भी यही है कि यह विजय भारत की नई महिला चेतना का प्रतीक है, वह चेतना जो अब हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ रही है। अब भारतीय महिलाओं को हाशिया नहीं, पूरा पृष्ठ चाहिए और यह बात उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत को हासिल करके साबित किया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार महिला वनडे विश्व कप अपने नाम कर ऐतिहासिक जीत हासिल की है। भारत और दक्षिण-अफ्रीका का फाइनल विश्व कप मैच सदा के लिए इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों के साथ अतीत के पन्नों में दर्ज हो गई है। हरमनप्रीत की कप्तानी में महिला क्रिकेट टीम ने यह यादगार जीत हासिल की है। इससे पहले मिताली राज की कप्तानी में महिला क्रिकेट टीम 2005 और 2017 में फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन यहां आकर ट्रॉफी हाथ से फिसल गई थी। भारतीय महिला टीम ने टॉस हारने के बाद भी बल्लेबाजी के लिए उतरी और 298 रन बनाए। साउथ अफ्रीक की टीम इस आंकड़े को छू नहीं पाई, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर 47 साल के इंतजार को खत्म किया। इस महान सफलता के पीछे आईसीसी अध्यक्ष जय शाह की दूरदर्शी नीतियों और नेतृत्व का भी बड़ा योगदान है। उनके कार्यकाल में महिला क्रिकेट को वह सम्मान और अवसर मिले जिसकी वह वर्षों से हकदार थी। जय शाह ने न केवल संरचनात्मक सुधार किए बल्कि महिला क्रिकेट के लिए आधारभूत ढांचे, सुविधाओं और प्रोत्साहन योजनाओं को नई दिशा दी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि जब नेतृत्व में दृष्टि होती है, तो इतिहास बदलता है। इस विश्व कप में भारतीय खिलाड़ियों ने अपने खेल से दुनिया को चकित किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जिस साहस और सूझबूझ से टीम का नेतृत्व किया, वह प्रेरणा का विषय है। उनके बल्ले से निकले हर रन ने नारी शक्ति की धुन गाई। स्मृति मंधाना की क्लासिकल बल्लेबाजी ने विपक्षी गेंदबाजों को बेहाल कर दिया, जबकि युवा खिलाड़ी शैफाली वर्मा की आक्रामकता ने नई पीढ़ी की ऊर्जा को स्वर दिया। गेंदबाजी में रेणुका ठाकुर और पूजा वस्त्राकर की सटीक लाइन-लेंथ ने टीम को हर मुश्किल समय में संभाला, वहीं स्पिनर दीप्ति शर्मा ने अपनी जादुई गेंदों से विरोधियों के हौसले पस्त किए। इस टूर्नामेंट में भारत की फील्डिंग और फिटनेस भी अप्रतिम रही, जो यह दर्शाती है कि अब भारतीय महिला क्रिकेट केवल तकनीक नहीं, बल्कि रणनीति और समर्पण के सर्वोच्च मानकों पर खड़ी है। महिला क्रिकेट खिलाड़ी नवीन क्षमताओं की नई उड़ान भरते हुए हर मन की मुराद पूरी कर रही है। यह जीत केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय खेल संस्कृति में परिवर्तन की दिशा का प्रतीक है। आज भारत की बेटियां छोटे कस्बों और गाँवों से निकलकर विश्व मंच पर चमक रही हैं। यह उस सामाजिक परिवर्तन का परिणाम है जिसमें परिवार, समाज और सरकार ने नारी खेल प्रतिभा को अवसर देना शुरू किया है।

महिला विश्व कप 2025 ने यह सिद्ध कर दिया कि अब भारत में खेल सिर्फ ह्नमैदानह्न तक सीमित नहीं, यह राष्ट्रीय चेतना और गौरव का हिस्सा बन चुका है। यह नारी स्वाभिमान, श्रम और संघर्ष की कहानी है। क्रिकेट अब केवल पुरुषों की लोकप्रियता का प्रतीक नहीं रहा, बल्कि महिलाओं की असाधारण योग्यता का उत्सव बन गया है। भारत की यह जीत उस भविष्य की ओर इशारा करती है जहाँ खेल, लिंग भेद से परे, केवल प्रतिभा और परिश्रम के आधार पर सम्मान पाएगा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की यह ऐतिहासिक विजय केवल कप जीतने की कहानी नहीं है, यह उस भारत की घोषणा है जो अपनी बेटियों को आगे बढ़ाने का साहस रखता है। यह जीत हर उस लड़की की प्रेरणा है जो गली के मैदान में क्रिकेट बैट थामे सपना देखती है कि एक दिन वह भी भारत के लिए खेलेगी। यह स्वर्णिम विजय हमें यह संदेश देती है कि भारत की नारी अब हर क्षेत्र में ह्रखेल बदलनेह्न के लिए तैयार है। जय शाह जैसे सक्षम नेतृत्व और खिलाड़ियों की प्रतिभा से सुसज्जित यह टीम आने वाले समय में विश्व क्रिकेट का नया अध्याय लिखेगी, जहाँ हर शॉट में आत्मविश्वास होगा, हर गेंद में संकल्प, और हर जीत में भारत की बेटियों की दमकती मुस्कान। भारत की बेटियाँ अब सिर्फ खेल नहीं रही हैं बल्कि वे इतिहास रच रही हैं।

देश पर छा रहे अनेकानेक उजालों के बीच महिला विश्व कप 2025 रूपी उजाला देशवासियों को प्रसन्नता का प्रकाश दे गया। संदेश दे गया कि देश का एक भी व्यक्ति अगर दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की ठान ले तो वह शिखर पर पहुंच सकता है। विश्व को बौना बना सकता है। पूरे देश के निवासियों का सिर ऊंचा कर सकता है। महिलाओं की इस करिश्माई उपलब्धि के बाद अखबारों के शीर्ष में यह समाचार छपा और सबको लगा कि शब्द उन पृष्ठों से बाहर निकलकर नाच रहे हैं। भारतीय महिला खिलाड़ियों ने खिलाड़ीपन के लम्बे रन-अप को पल-पल जीया है। इस दौरान बहुत कुछ पीया है तभी वे विश्व विजेता बनी। वरना यहां तक पहुंचते-पहुंचते कईयों के घुटने घिस जाते हैं। एक बूंद अमृत पीने के लिए समुद्र पीना पड़ता है। सम्मान, पदवी, उपाधियां, अलंकरण बहुतों को मिलते हैं पर सही सीने पर सही तमगा और सही नाम के आगे सही सम्बोधन कभी-कभी लगता है। जैसा महिला विश्व कप 2025 की भारतीय महिला खिलाड़ियों के सीनों पर लगा है। जब भी कोई अर्जुन धनुष उठाता है, निशाना बांधता है तो करोड़ों के मन में एक संकल्प, एक एकाग्रता का भाव जाग उठता है और कई अर्जुन पैदा होते हैं। अपने देश में हर बल्ला उठाने वाला अपने को गावस्कर, तेंगुलकर विराट कोहली, रोहित समझता है, हर बॉल पकड़ने वाला अपने को कपिल-अर्शदीप, बुमराह समझता है। हॉकी की स्टिक पकड़ने वाला हर खिलाड़ी अपने को ध्यानचंद, हर टेनिस का रेकेट पकड़ने वाला अपने को रामानाथन कृष्णन समझता है। और भी कई नाम हैं, मिल्खा सिंह, पी.टी. उषा, प्रकाश पादुकोन, गीत सेठी, जो माप बन गये हैं खेलों की ऊंचाई के। आज शेफाली हो स्मृति या फिर जेमिमा हो या दीप्ति आज माप बन गयी है और जो माप बन जाता है वह मनुष्य के उत्थान और प्रगति की श्रेष्ठ स्थिति है। यह अनुकरणीय है। जो भी कोई मूल्य स्थापित करता है, जो भी कोई पात्रता पैदा करता है, जो भी कोई सृजन करता है, जो देश का गौरव बढ़ाता है, जो गीतों में गाया जाता है, उसे सलाम। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को सलाम।

# लोक संस्कृति का वाहक पुष्कर मेला



-रमेश सर्राफ धमोरा

### 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक मेले पर विशेष

राजस्थान में अजमेर से लगभग 11 कि.मी. दूर हिन्दुओं का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पुष्कर है। यहां पर कार्तिक पूर्णिमा को मेला लगता है जिसमें बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। यहां पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होता है जो इस मेले की शोभा को और बढ़ा देते हैं। पुष्कर मेला कार्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा तक लगता है। मेलों के रंग राजस्थान में देखते ही बनते हैं। ये मेले मरुस्थल के गांवों के कठोर जीवन में एक नवीन उत्साह भर देते हैं। लोग रंग-बिरंगे परिधानों में सज-धजकर जगह-जगह पर नृत्य गान आदि समारोहों में भाग लेते हैं। यहां पर काफी मात्रा में भीड़ देखने को मिलती है। लोग इस मेले को श्रद्धा, आस्था और विश्वास का प्रतीक मानते हैं।

पुष्कर मेला थार मरुस्थल का एक लोकप्रिय व रंगों से भरा मेला है। पुष्कर झील भारतवर्ष में पवित्रतम स्थानों में से एक है। प्राचीनकाल से लोग यहां पर प्रतिवर्ष कार्तिक मास में एकत्रित हो भगवान ब्रह्मा की पूजा उपासना करते हैं। पुष्कर मेले को खास माना जाता है क्योंकि यह धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक महत्व का एक अनूठा संगम है। पुष्कर मेले की मुख्य विशेषताओं में दुनिया का सबसे बड़ा ऊँट और पशुधन मेला होना, जिसमें ऊँट, घोड़े, और अन्य मवेशियों की खरीद-बिक्री होती हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का मिश्रण शामिल है। इसमें सांस्कृतिक प्रदर्शन, पारंपरिक खेल जैसे कुश्ती और कबड्डी, और ऊँट व घोड़ों के लिए सजगता प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इसके अलावा, मेले में हस्तशिल्प बाजार और पवित्र पुष्कर झील के किनारे धार्मिक अनुष्ठान भी होते हैं। जो इसे एक बहुआयामी उत्सव बनाते हैं।

पुष्कर मेले की मुख्य विशेषताओं में दुनिया का सबसे बड़ा ऊँट और पशुधन मेला होना, जिसमें ऊँट, घोड़े, और अन्य मवेशियों की खरीद-बिक्री होती है, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का मिश्रण शामिल है। इसमें सांस्कृतिक प्रदर्शन, पारंपरिक खेल जैसे कुश्ती और कबड्डी, और ऊँट व घोड़ों के लिए सजगता प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इसके अलावा, मेले में हस्तशिल्प बाजार और पवित्र पुष्कर झील के किनारे धार्मिक अनुष्ठान भी होते हैं, जो इसे एक बहुआयामी उत्सव बनाते हैं।

राजस्थान में त्यौहारों, पर्वो एवं मेलों की अनूठी परम्परा एवं संस्कृति है वैसी देश में अन्यत्र कहीं मिलना कठिन है। यहां का प्रत्येक मेला एवं त्यौहार लोक जीवन की किसी किवदन्ती या किसी ऐतिहासिक



कथानक से जुड़ा हुआ है। इसलिए इनके आयोजन में सम्पूर्ण लोक जीवन पूरी सक्रियता से भाग लेता है। इन मेलों में राजस्थान की लोक संस्कृति जीवन्त हो उठती है। इन मेलों के अपने गीत हैं, जिनके प्रति जन साधारण की गहरी आस्था दृष्टिगोचर होती है। इससे लोग एकता के सूत्र में बंधें रहते हैं। राजस्थान में अधिकांश मेले पर्व व त्यौहार के साथ जुड़े हुए हैं।

मेलों का महत्व देवताओं एवं देवियों की आराधना को लेकर भी है क्योंकि देर्वाचन से मानव को शान्ति प्राप्त होती है। वैसे तो राजस्थान के विभिन्न भागों में बहुत बड़ी संख्या में मेले आयोजित किए जाते हैं, परन्तु कुछ गिने-चुने मेलों का अपना ही महत्व होता है। यहां के धार्मिक मेलों में सम्बंधित धर्म अनुयायियों के अतिरिक्त अन्य धर्म के लोग एवं अन्य जाति के लोग भी खुलकर भाग लेते हैं। मेला स्थल से परे पुष्कर नगरी का माहौल एक तीर्थनगरी सरीखा होता है। कार्तिक में स्नान का महत्व हिंदू मान्यताओं में वैसे भी काफी ज्यादा है। इसलिए यहां साधु भी बडी संख्या में नजर आते हैं। मेले के शुरूआती दिन जहां पशुओं की खरीद-फरोख्त पर जोर रहता है। वहीं बाद के दिनों में पूर्णिमा पास आते-आते धार्मिक गतिविधियों का जोर हो जाता है। श्रद्धालुओं के सरोवर में स्नान करने का सिलसिला भी पूर्णिमा को अपने चरम पर होता है। पुष्कर मेले के दौरान इस नगरी में आस्था और उल्लास का अनोखा संगम देखा जाता है। पुष्कर को इस क्षेत्र में तीर्थराज कहा जाता है और पुष्कर मेला राजस्थान का सबसे बड़ा मेला माना जाता है। पुष्कर मेले की प्रसिद्धि का अनुमान इस बात से ही लगाया जा सकता है कि ऐतिहासिक धरोहरों के रूप में ताजमहल का जो दर्जा विदेशी सैलानियों की नजर में है। ठीक वही महत्व त्यौहारों से जुडे पारम्परिक मेलों में पुष्कर मेले का है।

पुष्कर को इस क्षेत्र में तीर्थराज कहा जाता है। क्योंकि यहां समूचे ब्रह्मांड के रचयिता माने जाने वाले ब्रह्मा जी का निवास है। पुष्कर के महत्व का वर्णन पद्मपुराण में मिलता है। इसके अनुसार एक समय ब्रह्मा जी को यज्ञ करना था। उसके लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने के लिए उन्होंने धरा पर अपने हाथ से एक कमल पुष्प गिराया। वह पुष्प अरावली पहाडियों के मध्य गिरा और लुढकते हुए दो स्थानों को स्पर्श करने के बाद तीसरे स्थान पर ठहर गया। जिन तीन स्थानों को पुष्प ने धरा को स्पर्श किया वहां जलधारा फूट पडी और पवित्र सरोवर बन गए। सरोवरों की रचना एक पुष्प से हुई इसलिए इन्हें पुष्कर कहा गया। प्रथम सरोवर कनिष्ठ पुष्कर, द्वितीय सरोवर मध्यम पुष्कर कहलाया। जहां पुष्प ने विराम लिया वहां एक सरोवर बना, जिसे ज्येष्ठ पुष्कर कहा गया। ज्येष्ठ पुष्कर ही आज पुष्कर के नाम से विख्यात है। पुष्कर में लगभग चार सौ मंदिर है। इसीलिए इसे मंदिर नगरी भी कहा जाता है।

महाभारत में पुष्कर राज के बारे में लिखा है कि तीनों लोकों में मृत्यु लोक महान है और मृत्यु लोक में देवताओं का सर्वाधिक प्रिय स्थान पुष्कर है। चारों धामों की यात्रा कर-के भी यदि कोई व्यक्ति पुष्कर सरोवर में डुबकी नहीं लगाता है तो उसके सारे पुण्य निष्फल हो जाते हैं। यही कारण है कि तीर्थ यात्री चारो धामों की यात्रा के बाद पुष्कर की यात्रा जरूर करते हैं। तीर्थ राज पुष्कर को पृथ्वी का तीसरा नेत्र भी माना जाता है। पुष्कर नगरी में विश्व का एकमात्र ब्रह्मा मंदिर है तो दूसरी तरफ दक्षिण स्थापत्य शैली पर आधारित रामानुज संप्रदाय का विशाल वैकुंठ मंदिर। इनके अलावा सावित्री मंदिर, वराह मंदिर के अलावा अन्य कई मंदिर हैं। पास में ही एक छोटे से मन्दिर में नारद जी की मूर्ति। एक मन्दिर में हाथी पर बैठे कुबेर तथा नारद की मूर्तियां हैं।

ब्रह्मवैवर्त पुराण में उल्लिखित है कि अपने मानस पुत्र नारद द्वारा सृष्टिकर्म करने से इन्कार किए जाने पर ब्रह्मा ने उन्हें शाप दे दिया कि तुमने मेरी आज्ञा की अवहेलना की है। अतः मेरे शाप से तुम्हारा ज्ञान नष्ट हो जाएगा और तुम गन्धर्व योनि को प्राप्त करके कामिनियों के वशीभूत हो जाओगे। तब नारद ने भी दुःखी पिता ब्रह्मा को शाप दिया कि आपने बिना किसी कारण मुझे शाप दिया है। अतः मैं भी आपको शाप देता हूं कि तीन लोक में आपकी पूजा नहीं होगी और आपके मंत्र, श्लोक कवच आदि का लोप हो जाएगा। तभी से ब्रह्मा जी की पूजा नहीं होती है। मात्र पुष्कर क्षेत्र में ही वर्ष में एक बार उनकी पूजा-अर्चना होती है।

कई आस्थावान लोग पुष्कर परिक्रमा भी करते हैं। सुबह और शाम के समय यहां आरती होती है। वह दृश्य अत्यंत मनोहारी होता है। इतनी विशेषताओं के कारण पुष्कर को तीर्थराज कहने के अलावा देश का पांचवां धाम भी कहा जाता है। पुष्कर सरोवर में कार्तिक पूर्णिमा पर पर्व स्नान का बडा महत्व माना गया है। क्योंकि कार्तिक पूर्णिमा पर ही ब्रह्मा जी का वैदिक यज्ञ संपन्न हुआ था। तब यहां सम्पूर्ण देवी-देवता एकत्र हुए थे। उस पावन अवसर पर पर्व स्नान की परम्परा सदियों से चली आ रही है। जिस प्रकार प्रयाग को तीर्थराज कहा जाता है उसी प्रकार से इस तीर्थ को पुष्करराज कहा जाता है। हिन्दुओं के लिए पुष्कर एक पवित्र तीर्थ व महान पवित्र स्थल है। वर्तमान समय में इसकी देख-रेख की व्यवस्था सरकार ने सम्भाल रखी है। अतः तीर्थस्थल की स्वच्छता बनाए रखने में भी काफी मदद मिली है। यात्रियों की आवास व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाता है। यहां आने वाला हर तीर्थयात्री यहां की पवित्रता और सौंदर्य की मन में याद संजो कर ही लौटता है।

# 52 साल के इंतजार का अंत, भारत की बेटियाँ बनीं विश्व कप की विजेता



-अजय कुमार

नवी मुंबई की वो शाम अब हमेशा याद रखी जाएगी। 2 नवंबर 2025 वो तारीख जब भारत की महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्वकप का ताज अपने सिर पर सजाया। यह जीत केवल एक खेल का परिणाम नहीं थी, बल्कि 52 साल के लंबे इंतजार का अंत थी। यह जीत उस विश्वास की कहानी है, जिसे भारत की बेटियों ने अपने परिश्रम, साहस और हौसले से सच कर दिखाया। डी. वाई. पाटिल स्टेडियम में खेला गया यह फाइनल मैच पूरे देश की धड़कनों से जुड़ा था। टीम इंडिया की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शुरूआती विकेट जल्दी गिरने से स्टेडियम में हल्की चिंता थी, लेकिन तभी शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा ने मोर्चा संभाल लिया। शेफाली की बल्लेबाजी में आत्मविश्वास झलक रहा था। उन्होंने 87 रन बनाकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दीप्ति शर्मा ने 58 रनों की समझदारी भरी पारी खेली और बाद में गेंदबाजी में भी अपना जलवा दिखाया। भारत ने निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट पर 298 रन बनाए।

लक्ष्य छोटा नहीं था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की टीम के इरादे भी बड़े थे। उनकी ओपनर लॉरा वोल्वार्ट ने शानदार अर्धशतक लगाया और कुछ देर के लिए भारतीय समर्थक खामोश हो गए। लेकिन रेणुका सिंह और पूनम यादव ने मिलकर खेल की दिशा बदल दी। दीप्ति शर्मा ने गेंदबाजी में कमाल करते हुए 5 विकेट चटकाए और साउथ अफ्रीका को 246 रनों पर रोक दिया। जैसे ही आखिरी विकेट गिरा, पूरा स्टेडियम तिरंगे के रंग में डूब गया। भारतीय टीम 52 रनों से जीत गई और यही 52 साल का प्रतीक बन गया, उस लंबे इंतजार का जो आखिरकार आज समाप्त हुआ। मैदान पर जो हुआ, वह सिर्फ एक खेल की जीत नहीं थी। वह इतिहास की दिशा बदलने वाला क्षण था। जब हरमनप्रीत कौर ने ट्रॉफी उठाई, तो उनके आंसू सिर्फ खुशी के नहीं थे, वो उन सालों का बोझ थे, जब भारतीय महिला क्रिकेट को नजरअंदाज किया गया, जब उन्हें अभ्यास के लिए मैदान नहीं मिलते थे, जब सुविधाएं सीमित थीं और सवाल बहुत। आज उन सवालों का जवाब तिरंगे के रूप में आसमान में लहराया। यह जीत उन तमाम दिग्गज खिलाड़ियों की भी है जिन्होंने दशकों तक इस सपने के लिए मेहनत की। डायना एडुल्जी, मिताली राज, झूलन गोस्वामी, अंजुम चोपड़ा जैसी खिलाड़ियों ने जो बीज बोया, वह आज फल बनकर सामने आया। उनके संघर्ष ने आने वाली पीढ़ियों को राह दिखाई। अब वही राह और चौड़ी हो चुकी है।

इस जीत के बाद देशभर में जश्न का माहौल है। सड़कों पर जुलूस निकले, गलियों में पटाखे फूटे और सोशल मीडिया पर बेटियों के नाम की गूंज सुनाई दी। लोग इसे 1983 की पुरुष टीम की ऐतिहासिक जीत से जोड़कर देख रहे हैं। तब कपिल देव की टीम ने भारत में क्रिकेट का सपना जगाया था, अब हरमनप्रीत की टीम ने उसे नई ऊंचाई दी है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों के लिए रिकॉर्ड इनाम की घोषणा की। सरकार ने भी इन खिलाड़ियों को सम्मानित करने की घोषणा की है। देश के प्रधानमंत्री ने इस जीत को भारत की बेटियों की शक्ति बताया और कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह प्रेरणा का स्रोत बनेगी। यह जीत केवल ट्रॉफी की नहीं है, यह समाज की सोच में बदलाव की जीत है। अब कोई यह नहीं कह सकेगा कि लड़कियाँ क्रिकेट नहीं खेल सकतीं। अब माता-पिता अपनी बेटियों में शेफाली की चमक, दीप्ति का धैर्य, हरमन की नेतृत्व क्षमता और स्मृति मंधाना का आत्मविश्वास देखेंगे। स्कूलों और छोटे शहरों में खेल की सुविधाएँ बढ़ेंगी, और क्रिकेट सिर्फ पुरुषों का नहीं, सबका खेल बनेगा।

52 साल का इंतजार, संघर्षों से भरी आधी सदी, और आखिर में यह सुनहरा सवेरा। भारत की बेटियों ने दिखा दिया कि सपने तब पूरे होते हैं जब हार मानने की गुंजाइश न छोड़ी जाए। आज जब कोई बच्ची बल्ला उठाती है, तो उसके साथ पूरे देश की उम्मीद उठती है। जब कोई पिता बेटी को मैदान तक छोड़ता है, तो उसके दिल में गर्व की लहर दौड़ती है। यह जीत आने वाले समय के लिए वह मशाल है जो हर गली, हर स्कूल, हर परिवार तक पहुंचेगी। अब भारत का नाम महिला क्रिकेट की विश्व विजेता सूची में दर्ज हो गया है और यह दर्जा केवल खेल का नहीं, बल्कि एक विचार का भी है कि अवसर मिले तो भारतीय बेटियाँ किसी भी ऊंचाई को छू सकती हैं। उन्होंने इतिहास लिखा, और आने वाली पीढ़ियों को यह भरोसा दिया कि अगर हिम्मत हो, तो 52 साल का इंतजार भी एक दिन खत्म होता है। आज यह जीत सिर्फ.मैदान की नहीं, हर उस बेटी के सपने की जीत है जिसने कभी कहा था मैं भी खेलूँगी, और जीतूँगी।

# महिला क्रिकेट ने ऊँचा किया भारत का मस्तक



-नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'

इतिहास में 2 नवम्बर 2025 की तारीख स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गयी। भारत की महिला क्रिकेट टीम ने विश्वकप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की टीम को 52 रनो से परास्त कर भारत को महिला क्रिकेट में विश्वविजेता होने का गौरव दिलाया है। दरअसल भारत की महिला क्रिकेट टीम को यह गौरव श्रेष्ट प्रदर्शन, उच्चतम खेल भावनाओं एवं सयुंक्त प्रयासों से प्राप्त हुआ है। महिला क्रिकेट खिलाड़ियों की इस उपलब्धि ने देशवासियों में उत्साह का संचार किया है। विश्व कप विजेता भारत की महिला क्रिकेट टीम ने इस खेल के तीनो क्षेत्रों बेटिंग, बालिग और फील्डिंग में बेहतर प्रदर्शन से शक्तिशाली दक्षिण अफ्रीका की टीम को पराजित कर विश्व विजेता बनने का सौभाग्य अर्जित किया। यह जीत भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सामूहिक प्रयासों, आपसी समन्वय एवं एकता की जीत है। महिला क्रिकेट टीम का विश्व विजेता होना महिला क्रिकेट के प्रति आकर्षण को बढ़ाएगा। भारतीय क्रिकेट के इतिहास में 1983, 2011 के बाद वर्ष 2025 क्रिकेट इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया।

महिला विश्वकप महिला क्रिकेट का सबसे बड़ा आयोजन होता है। जिसमे क्रिकेट खेल रहे अधिकांश देशों की टीम हिस्सा लेती है। 2025 आइसीसी महिला विश्व कप में कुल 8 देशों की टीम ने भाग लिया जिसमें वर्ष 2022 की विजेता ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान तथा मेजबान भारत एवं श्रीलंका की टीम शामिल रही। 30 सितम्बर से 2 नवम्बर तक चले आईसीसी महिला विश्वकप में दुनियाँ का ध्यान



भारतीय महिला टीम पर जब गया तब भारत ने सेमीफायनल में विश्वविजेता ऑस्ट्रेलिया को पराजित कर एक और आस्ट्रेलिया को 2025 विश्वकप दौड़ से बाहर किया दूसरी और विश्व विजेता टीम को पराजित कर यह जता दिया की इंडिया की महिला टीम फाइनल में प्रवेश कर गयी और विश्वकप जितने के लिए एक मैच दूर है जो 2 नवम्बर 2025 को नवी मुंबई के डिवाई पाटिल स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका से खेला जाना है।

भारत ने विश्व चेम्पीयन आस्ट्रेलिया को सेमिफाइनल में पराजित कर जो संकेत दिए थे इबारत उसके अनुकूल ही लिखी गयी। टीम की बल्लेबाजी शुरू में मजबूत मध्य में थोड़ी कमजोर और अंत में संघर्ष पूर्ण टोटल तक पहुंच गयी। फायनल का दबाव जितना भारत पर था, उससे कई अधिक दक्षिण अफ्रीका की महिलाओ पर भी था। भारतीय टीम टास हारकर 50 ओवर में 298 रनों का स्कोर बना पाई। इस स्कोर में सैफाली वर्मा ने 78 गेंदों पर 87 रन की पारी खेली। यह उनके वन डे केरियर का सर्वोच्च स्कोर था। लगा जैसे सैफाली को इस महत्वपूर्ण मैच में अलग जोश आ गया हो, मुंबई की हौसला अफजाई की ताकत इस महिला खिलाडी को ऊर्जा से लबरेज कर गयी। स्मृति मंधाना और सेफाली की जोड़ी ने 10 ओवर में 64 रन का स्कोर कर दिया था। रनो के टोटल 298 में दीप्ती शर्मा, स्मृति मंधाना, हरमन प्रीत, जेमिमा और रिचा घोष का योगदान रहा।

फाइनल के दबाव में दक्षिण अफ्रीका की टीम इस टोटल के 52 रन दूर रहते आल आउट हो गयी। दक्षिण अफ्रीकन कप्तान ने शतकीय पारी खेल किला लड़ाने का असफल प्रयास किया किंतु दूसरे छोर पर उनका साथ देने हेतु कोई खिलाड़ी टिक न सका फलस्वरूप भारत की टीम विश्व विजेता बनी जिसमे दीप्ती शर्मा और सैफाली की गेंद बाजी की अहम भूमिका मानी जा रही है।

भारत की विश्व विजय में प्रत्येक भारतीय खिलाडी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह विजय सामूहिक योगदान की विजय है। मुंबई में विजय के बाद जश्न भी था और भावुकता भी चरम पर थी। भारत की महिला ब्रिगेड का जलवा पूरा विश्व देख रहा था। इस विजय ने भारतीय महिलाओं की मजबूती की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। जब कभी भी भारत ने किसी भी खेल में सफलता प्राप्त कर खिताब पाया है उस विजय में भारत के सामूहिक प्रयास याने विविधताओं में एकता के दर्शन हुए है। मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में 2 नवम्बर की रात भारत के हर प्रांत के खिलाडी दिखाई दे रहे थे। तिरंगा जब लहरा रहा था। भारत माता की जय और वन्दे मातरम के उदघोष से सारा वातावरण गुंजायमान था। भारत महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत जब खिताब लेने गयी तब उनके चेहरे पर आत्म विश्वास झलक रहा रहा था। विश्व विजेता होने का आत्मविश्वास की हम किसी से कम नहीं है। बीसीसीआई ने महिला क्रिकेट के लिए खजाना खोल दिया है। भारत में महिला क्रिकेट के प्रति युवतियों में आकर्षण बढ़ेगा। दुनियाँ के हर मोर्चे पर भारतीय महिलाओं ने अपना जलवा बिखेरा है अब क्रिकेट भी इससे अछूता नहीं रहा है। क्रिकेट की यह जीत दुनियाँ में भारत की महिलाओं की हुंकार है। चक दे इंडिया की गूंज दुनियाँ को साफ सुनाई दे रही है। भारत की महिला क्रिकेट टीम को बधाई। इस विश्व विजय ने भारत का मस्तक दुनियाँ के सामने ऊँचा किया है।

-नरेंद्र तिवारी स्वतंत्र लेखक

# बिहार चुनाव में गठबंधन की एक कमजोर कड़ी है कांग्रेस

आगामी 2025 बिहार विधानसभा चुनाव में कड़ी प्रतिस्पर्धा होने की उम्मीद है, जिसका सभी संबंधित दलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। हालांकि जनमत सर्वेक्षण सत्तारूढ़ एन.डी.ए. (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के पक्ष में है लेकिन वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ प्रबल सत्ता-विरोधी भावनाओं को छिपाते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि ये चुनाव नेतृत्व, जातिगत गतिशीलता, मतदाताओं की धारणाएं, पार्टियों और उनके नेताओं से जुड़े हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाला और कांग्रेस व छोटे दलों के साथ गठबंधन करने वाला ह्यइंडिया ब्लॉकह्न दो दशकों के एन.डी.ए. शासन को समाप्त करना चाहता है। मजबूत नेतृत्व और संगठन के साथ, मतदाताओं का मूड आगे एक उतार-चढ़ाव भरा चुनाव होने का संकेत देता है। यह चुनाव स्थानीय विधायकों में असंतोष, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और रोजगार सृजन की कमी के साथ, सत्तारूढ़ गठबंधन के समर्थन को कमजोर करता है। हालांकि एन.डी.ए. को उच्च जातियों और वृद्ध मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है लेकिन युवाओं और ओ.बी.सी. (अन्य पिछड़ा वर्ग)समूहों को शामिल करने में उसकी असमर्थता पार्टी के लिए चुनौतियां पेश करती है।

चुनाव के नतीजे प्रचार नेताओं से काफी प्रभावित होते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एन.डी.ए.) का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्हें मतदाताओं, विशेषकर महिलाओं का भरपूर समर्थन प्राप्त है जो मुफ्त बिजली, स्वच्छ पानी और एक करोड़ रोजगार सृजन योजना जैसी उनकी पहलों की सराहना करती हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 25 लाख महिलाओं की सहायता के लिए एक महिला कल्याण कार्यक्रम के लिए प्रत्येक को 10,000 रुपए आबंटित किए हैं। सी-वोटर सर्वेक्षण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकप्रियता में उतार-चढ़ाव देखा गया। उत्तरदाताओं ने उन्हें अपना पसंदीदा मुख्यमंत्री चुना। एक आश्चर्यजनक दावेदार जनसुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर थे जो 16 प्रतिशत वोटों के साथ एक पसंदीदा उम्मीदवार के रूप में उभरे। एन.डी.ए. का पूरे बिहार में एक मजबूत नैटवर्क है। जिसमें भाजपा और जद-यू दोनों के कार्यकत्रा शामिल हैं, साथ ही आर.एस.एस. (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) समूहों का भी समर्थन प्राप्त है। प्रधानमंत्री द्वारा समर्थित हालिया विकास परियोजनाओं ने एन.डी.ए. के अभियान को मजबूत करने में मदद की है। भाजपा ने जद-यू का समर्थन किया और भाजपा के शीर्ष नेताओं ने एन.डी.ए. के लिए प्रचार किया और वित्तपोषण कोई मुद्दा नहीं है। मोदी और अमित शाह सहित शीर्ष नेताओं ने एन.डी.ए. के लिए प्रचार किया। हालांकि, एन.डी.ए. स्थानीय स्तर पर संघर्ष कर रहा है, जहां उसे अपने विरोधियों जितनी विश्वसनीयता और जमीनी समर्थन का अभाव है। राजद के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है जबकि उनके पास लगभग 30 प्रतिशत मतदाताओं वाला एक वफादार मुस्लिम-यादव मतदाता आधार है।

## अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में भिवंडी के खिलाड़ियों ने हासिल की जीत



आचार्य सूरजपाल यादव/भिवंडी (उत्तरशक्ति)। भिवंडी शहर के कराटे खिलाड़ियों ने गोवा के मेसा स्थित पदम इंडोर स्टेडियम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल करके पदक जीतकर भिवंडी का नाम रोशन किया जिसके पश्चात सभी खिलाड़ियों का स्वागत सम्मान किया गया और प्रोत्साहित किया गया। बताते चलें की यह प्रतियोगिता वर्ल्ड फनकोशी शोतोकान कराटे अर्गनाइजेशन के संस्थापक मास्टर हसन इस्माइल के मार्गदर्शन में गोवा स्थित पदम इंडोर स्टेडियम में आयोजित की गई थी जहां पर भारत सहित केनिया, आस्ट्रेलिया, नेपाल, श्रीलंका से लगभग दो हजार कराटे खिलाड़ियों ने सहभाग लिया था जहां पर भिवंडी शहर के आल स्पोर्ट्स कराटे डू फाउंडेशन और भिवंडी यूथ स्पोर्ट्स अकेडमी से कुल 12 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और काता कुमिते प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने शहर में 7 स्वर्ण, 6 रजत और 4 कांस्य पदक लाकर नाम रोशन किया। विशेषत: इन खिलाड़ियों का सामना केनिया के खिलाड़ियों से हुआ जहां पर केनिया के खिलाड़ियों को मात देकर भिवंडी के खिलाड़ियों ने अपना स्थान कायम रखकर जीत हासिल की, जिसके पश्चात लिटिल चैप स्कुल की संस्थापिका खिलना शाह और कल्पेश शाह, मास्टर अली मेमन, फिरोज मेमन, अरविन्द जैसवार द्वारा सभी खिलाड़ियों का स्वागत सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया जहां पर पालक वर्ग भी उपस्थित थे। मुख्यत: कराटे कोच अली मेमन, अंबर मेमन, सर्वेश साहनी, सालिक अंसारी, आफताब सर, अरकम सर ने खिलाड़ियों को इस मुकाम तक पहुंचाने में अथक प्रयास किया।

## समाजसेवी मनोहर परशुराम राऊत का 91 वर्ष की आयु में निधन



पालघर (उत्तरशक्ति)। जिले के ग्राम पंचायत पास्थल (ता. पालघर) के निवासी तथा समाजसेवी मनोहर परशुराम राऊत का 91 वर्ष की आयु में 29 अक्टूबर 2025 को वृद्धावस्था के कारण निधन हो गया।

स्वातंत्र्योत्तर काल में शिक्षा पूर्ण करने के बाद उन्होंने कोसबाड हिल से कृषि विषयक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके पश्चात उन्होंने नाशिक, मुरबाड, वसई, अंधेरी, सावंतवाडी, अलिबाग, उमरोली, पंचाली व डहाणू जैसे विभिन्न स्थानों पर ग्रामसेवक से लेकर कृषि विस्तार अधिकारी तक के पदों पर कार्य किया। सन् 1992 में वे सेवामुक्त हुए। सेवानिवृत्ति के पश्चात उन्होंने कुणबी समाजोन्नती संघ, पालघर के अध्यक्ष के रूप में समाज की संगठनात्मक उन्नति हेतु उल्लेखनीय कार्य किया। इसके साथ ही वे पास्थल विविध कार्यकारी सेवा सहकारी सोसायटी के चेयरमैन तथा परनाली गिरिजा शंकर मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी रहे। शिक्षक-पालक संघ के अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई और गांव के सामाजिक उपक्रमों में सदैव अग्रणी रहे। राऊत परिवार के सामूहिक उपक्रमों में सम्मेलन, बाल सम्मेलन, व्याख्यानमाला सम्मेलन में उनका प्रेरक व उत्साही सहभाग रहा। उनके पीछे पत्नी, दो पुत्र, दो पुत्रियां व नाति-नातिनों सहित एक बड़ा परिवार है। उनके निधन से पास्थल सहित संपूर्ण पालघर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

## श्रीराम सुपर 5-एस आर-05 और 303 गेहूं बीज से मिल रही किसानों को रिकॉर्ड उपज, इस साल भी इन्हीं किस्मों पर भरोसे का रुझान

मुंबई/दरभंगा। बिहार में गेहूं की खेती में श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स द्वारा विकसित 'श्रीराम सुपर 5-एस आर-05' और 'श्रीराम सुपर 303' गेहूं बीजों ने उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। इन उन्नत किस्मों ने किसानों के बीच उच्च उपज, रोग प्रतिरोधकता और विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में अनुकूलता के लिए ख्याति प्राप्त की है। श्रीराम फार्म सॉल्यूशन्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई गेहूं की किस्में, श्रीराम सुपर 5-एस आर-05 और 303, इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। इनमें कल्ले ज्यादा और बालियां लंबी है, और यह रोगों के प्रति सहनशील है।सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभर रही नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों के परिणाम श्रेष्ठ हैं। अपनी इन्हीं विशेषताओं के चलते ये दोनों किस्में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के किसानों की पहली पसंद बन गई हैं। बिहार के अनुभवी किसान अवधेश पासवान बताते हैं कि इस साल उन्होंने अपने खेत में श्रीराम सुपर 5-एस आर-05 गेहूं की बुवाई की। उनका कहना है कि इस किस्म का तना बेहद मजबूत है, जिससे फसल गिरने की संभावना नहीं रहती। साथ ही, कल्लों की संख्या अधिक है और हर बाली में 85-90 दाने मिलने से उत्पादन अत्यधिक रहा। वे कहते हैं, विपरीत मौसम में भी श्रीराम सुपर 5-एस आर-05 ने स्थिर और शानदार उपज दी – यह सच में भरोसेमंद गेहूं की किस्म है।

## अमेरिकन टूरिस्टर: नासिक में बना दुनिया के लिए

मुंबई/पटना। अमेरिकन टूरिस्टर ने अपने नए कैम्पेन नासिक में बना। दुनिया के लिए के रूप में एक फिल्म को लॉन्च किया है जो इस ब्रांड की वैश्विक यात्रा के पीछे, इस शहर की भूमिका को पेश करती है। नासिक – जहाँ इस ब्रांड की सबसे बड़ी फैक्टरी है – यहाँ हुनर और कारीगरी जीवंत हो जाती है। यह कैम्पेन उस गौरव, पैमाने और लोगों के प्रति सम्मान है जो अमेरिकन टूरिस्टर के सफर को वैश्विक ट्रैवल आइकन के रूप में सशक्त बनाते हैं। टीवीसी को नासिक प्लांट के कार्यकर्ताओं के नजरिए से दिखाया गया है – जहाँ निर्माण कला की सटीकता नासिक की जीवंत कला और संस्कृति के साथ सहजता से जा मिलती है – नदी के किनारे से लेकर बाजारों तक, ढोल की थाप से लेकर पैठणी की सुंदरता तक – यह फिल्म नासिक के दिल को बारीकी से कैद करती है। यह कहानी दिखाती है कि कैसे शहर की कारीगरी की गहरी परंपरा हर दिन फैक्ट्री में विद्यमान रहती है, जो ब्रांड को आगे बढ़ाने वाले लोगों की लगन के रूप दिखाई देती है। हर कामगार अपने कौशल और जुनून के साथ अपने काम में जान डालता है और ऐसे उत्पाद बनाता है जो दुनिया भर में लाखों ग्राहकों तक पहुँचते हैं।

# मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायत राज अभियान के तहत राज्यस्तरीय गृहनिर्माण अधिकारियों का पालघर दौरा

## 31 दिसंबर तक सभी घरकुल पूर्ण करने के निर्देश



पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)। मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायत राज अभियान 2025-26 के अंतर्गत ग्रामीण गृहनिर्माण विभाग के राज्यस्तरीय अधिकारियों ने पालघर जिले के विभिन्न तहसीलों का दौरा कर योजनाओं की प्रगति का सखोल आढावा लिया। राज्य व्यवस्थापन कक्ष, ग्रामीण गृहनिर्माण कार्यालय द्वारा तीन टीमों का गठन किया गया था, जिन्होंने 30 अक्टूबर को डहाणू, वाडा और पालघर तहसील में क्षेत्रीय निरीक्षण किया।

डॉ. राजाराम दिघे (संचालक), डॉ. माणिक दिवे (अपर आयुक्त झ विकास, कोंकण विभाग), डॉ. संघारत्न सोनावणे (एम आई एस) और शरद पवार (विभागीय प्रोग्रामर) की टीम ने डहाणू तहसील के कासा व गंजाड ग्राम पंचायतों का दौरा किया। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत चल रहे घरकुलों तथा रोजगार मस्टरों की जानकारी ली। वहीं, राजलक्ष्मी येरपुडे (उपसंचालक) और परमेश्वर शेलार (राज्य वस्तुविशारद) ने वाडा तहसील के नेहरोली ग्राम पंचायत में तैयार पीएम जनमन आवास का निरीक्षण किया। डॉ. सचिन पांझडे (उपसंचालक) और दिनेश मोवाळे (आईईसी) ने पालघर तहसील के दुर्वेस व नांदगाव की ओर मनोर गांवों में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना सहित अन्य ग्रामीण योजनाओं के अंतर्गत बनाए जा रहे घरकुलों की समीक्षा की।

इन सभी दौरों के दौरान प्रकल्प संचालक डॉ. रुपाली सातपुते, गटविकास अधिकारी पल्लवी सस्ते, घरकुल विभाग व मनरेगा विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। क्षेत्रीय निरीक्षण के पश्चात जिला परिषद, पालघर के जननायक बिरसा मुंडा सभागृह में ग्रामीण गृहनिर्माण व मनरेगा विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे (भा.प्र.से) की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में अभियान के अंतर्गत चल रहे उपक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और पीएम जनमन आवास योजना के अंतर्गत सर्वाधिक घरकुले पूर्ण करने वाले ग्रामीण गृहनिर्माण अभियंताओं को डॉ. राजाराम दिघे के हाथों पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, पालघर जिला राज्य में घरकुल मंजूरी व प्रथम हप्ता वितरण में प्रथम क्रमांक पर आने के लिए संपूर्ण टीम का अभिनंदन किया गया। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गये कि 31 दिसंबर 2025 तक सभी मंजूर एवं अपूर्ण घरकुले पूर्ण किये जाएं, भूमिहीन लाभार्थियों को भूमि उपलब्ध कराई जाये, सभी लाभार्थियों को मनरेगा के तहत रोजगार दिया जाये तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना या अन्य योजनाओं के माध्यम से घरों पर सौरऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना प्रक्रिया को गति दी जाये। साथ ही, जिले में नावीन्यपूर्ण उपक्रमों को प्रोत्साहन देने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्र शिंदे, प्रकल्प संचालक डॉ. रुपाली सातपुते, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी (पंचायत) अशोक पाटील, जिला कार्यक्रम समन्वयक अतुल पारसकर, सभी तहसीलों के गटविकास अधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, विस्तार अधिकारी (सांख्यिकी), ग्रामीण गृहनिर्माण अभियंता, मनरेगा सहायक प्रकल्प अधिकारी (एपीओ) तथा घरकुल व मनरेगा डेटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित थे। बैठक के अंत में प्रलंबित मस्टर पूर्ण करने, सौर प्रकल्प की गती बढ़ाने और सभी अधूरे घरकुलों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गये।

## चोरी और ठगी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार



उल्हासनगर (उत्तरशक्ति)। उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने चोरी और ठगी के कई मामलों में आरोपी सिकंदर मुमताज जाफरी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ कई क्षेत्रों में मामले दर्ज थे। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और गुप्त जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को भिवंडी से पकड़ा। पुलिस ने आरोपी सिकंदर मुमताज जाफरी के पास से 6.50 लाख रुपये मूल्य के 65 ग्राम सोने के गहने और 1 लाख रुपये की स्कूटी बरामद की है। आरोपी के खिलाफ उल्हासनगर, बदलापुर, अंबरनाथ और अन्य क्षेत्रों में 10 से अधिक चोरी और ठगी के मामले दर्ज हैं। पुलिस आगे की जांच कर रही है। पुलिस अब इस अपराध में शामिल दो अन्य सहयोगियों की तलाश कर रही है। यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में उल्हासनगर क्राइम ब्रांच की टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दी।

# भगवान झूलेलाल पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर उल्हासनगर में सिंधी समाज का जोरदार विरोध

## सिंधी समाज द्वारा डीसीपी को भी सौंपा गया निवेश



उल्हासनगर (उत्तरशक्ति)। भगवान झूलेलाल जी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में उल्हासनगर में सिंधी समाज ने रोष प्रकट किया है। समाज के वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश सुखरामाणी और पूर्व नगर सेवक राजू जग्याशी ने पुलिस थाने में अमित बघेल के खिलाफ विरोध जताते हुवे शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में सिंधी समाज के लोग एकजुट होकर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. उल्हासनगर में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान समाज के लोगों ने अमित बघेल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अपने आराध्य देवता के अपमान को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाज ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो उल्हासनगर बंद का आह्वान किया जाएगा.

इसी क्रम में उल्हासनगर-2 निवासी डॉ. हितेश सुनिल सेचवाणी ने भी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 26 अक्टूबर को रायपुर में एक मोर्चे के दौरान छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल ने भगवान श्री झूलेलाल जी को मछली वाला भगवान कहकर अपमानित किया और उनकी मूर्ति लगाने का विरोध किया। इतना ही नहीं, बघेल ने सिंधी समाज को पाकिस्तानी सिंधी कहकर भी अपशब्द कहे और मीडिया से बात करते हुए कहा कि चाहे गर्दन कटे या फांसी पर चढ़ जाऊं, माफी नहीं मांगूंगा।इस बयान से सिंधी समाज की भावनाएं बुरी तरह आहत हुईं। डॉ. सेचवाणी ने बताया कि उनके साथ राजू जग्यासी, पवन मिरानी, हासो कटारिया, ईश्वर जग्याशी, नानिक आहूजा और राजकुमारी नारा सहित पूरे सिंधी समाज ने बघेल के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## प्रा. सुनील देवचंद बैसाणे के.डी. हाईस्कूल व एम.के. जूनियर कॉलेज के प्राचार्य बने



पालघर(उत्तरशक्ति)। चिंचणी तारापुर शिक्षण संस्था के अधीन कार्यरत के.डी. हाईस्कूल व एम.के. जूनियर कॉलेज के प्राचार्य पद पर प्रा. सुनील देवचंद बैसाणे की नियुक्ति की गई है। वे कॉमर्स विषय के स्नातकोत्तर हैं और उन्हें अध्यापन का लंबा अनुभव प्राप्त है।

नियुक्ति अवसर पर संस्था के चेयरमैन रजनीकांत भाई श्रॉफ, सदस्या डॉ. रमिलाबेन श्रॉफ, सदस्य महेश पाटील व मावलते प्राचार्य महेश रावते उपस्थित रहे। प्रा. बैसाणे इससे पूर्व कनिष्ठ महाविद्यालय के उपप्राचार्य तथा विद्यालय के उपमुख्याध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वे कनिष्ठ महाविद्यालय शिक्षक संघटना के सचिव व कार्याध्यक्ष के रूप में भी कार्यरत रहे हैं। साथ ही, महाराष्ट्र शासन के विभागीय शिक्षण मंडल रत्नागिरी में उन्हें अशासकीय सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रा. बैसाणे एक अध्ययनशील, अनुभवी एवं कुशल प्रशासक माने जाते हैं। उनके अनुभव और नेतृत्व से संस्था तथा विद्यार्थियों को निश्चित रूप से लाभ होगा। उनकी नियुक्ति पर शिक्षण क्षेत्र तथा समाज के विविध स्तरों से बधाई व शुभकामना संदेश मिल रहे हैं।

# सुहास राऊत भारतरत्न सरदार वल्लभभाई पटेल- हिंदूरत्न पुरस्कार से हुए सम्मानित

## साहित्य, समाजसेवा व सांस्कृतिक योगदान के लिए मिला सम्मान




पालघर(उत्तरशक्ति)। पालघर जिले के चिंचणी गांव के प्रतिष्ठित साहित्यकार, समाजसेवी व सांस्कृतिक कार्यकर्ता सुहास परशुराम राऊत को उनके बहुमूल्य साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक योगदान के लिए भारतरत्न सरदार वल्लभभाई पटेल झ हिंदूरत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान पद्मश्री डॉ. मणिभाई देसाई मानव सेवा ट्रस्ट (नीति आयोग से संलग्न) की ओर से प्रदान किया गया। यह संस्था वरिष्ठ समाजसेवक, प्रवचनकार, अपंग सेवक व संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. रवींद्र भोले के आरोग्य सेवा केंद्र, उरली कांचन के सहयोग से यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। यह भव्य समारोह लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 30 अक्टूबर 2025 को अण्णाभाऊ साठे सांस्कृतिक भवन, येरवडा (पुणे) में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के जलसंपदा मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटील, पुणे की सांसद मेधाताई कुलकर्णी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को हिंदूरत्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुहास राऊत ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका नहीं, बल्कि पालघर जिले की संपूर्ण साहित्यिक और सांस्कृतिक दुनिया की मान-प्रतिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने समाजहित में निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प भी व्यक्त किया।

# डोंबिवली पूर्व के राजाजी पथ पर तुलसी विवाह

## पूर्व मंत्री जगन्नाथ पाटिल विवाह समारोह में उपस्थित



डोंबीवली (उत्तरशक्ति)। डोंबिवली के राजाजी पथ पर पूर्व भाजपा नगरसेवक मुकुंद (विशु) पेडणेकर द्वारा तुलसी विवाह समारोह बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया। भाजपा के पूर्व नगरसेवक मुकुंद (विशु) पेडणेकर ने कहा की इस कंप्यूटर युग में, वर्तमान पीढ़ी को तुलसी विवाह के महत्व को समझाने और हमारी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए हर साल यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, ।इस विवाह समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जगन्नाथ पाटिल, भाजपा कल्याण लोकसभा चुनाव प्रमुख शशिकांत कांबले, कल्याण जिला प्रमुख नंदू परब, पूर्व नगरसेविका खुशबू चौधरी, पूनम पाटिल, भाजपा डोंबिवली पूर्व मंडल अध्यक्ष मितेश पेनकर, मोहिर देसाई, प्रकाश पवार, मनीषा राणे, मिहिर दावते सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वार्ड-67 में विकास कार्यों का शुभारंभ, सुधा सिंह ने किए विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन



मुंबई (उत्तरशक्ति)। मनपा के/पश्चिम प्रभाग समिति की पूर्व चेयरमैन सुधा सिंह ने वार्ड-67 के विभिन्न क्षेत्रों में विकास एवं जनसुविधा से जुड़े कार्यों का शुभारंभ किया। स्थानीय विधायक अमीत साटम और नगरसेवक निधि के सहयोग से शुरू इन कार्यों में सात स्थानों पर गटर व नालों की सफाई एवं मरम्मत, बस्तियों में लादीकरण, गार्डन में ग्रिल लगवाने तथा समाज मंदिरों के जीर्णोद्धार जैसे कार्य शामिल हैं।

सुधा सिंह ने बताया कि सभी मरम्मत कार्यों के लिए आवश्यक फंड मिल चुका है और इन्हें शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा। इस दौरान मनीष नगर, चार बंगला में रोड रिपेयरिंग कार्य (विधायक निधि से), जुहू स्थित कैफे आजमी गार्डन में ग्रिल लगवाने व चेयर मरम्मत, गिल्बर्ट हिल व भवंस कॉलेज क्षेत्र में नालियों की मरम्मत और लादीकरण कार्यों का भी शुभारंभ किया गया। गणेश नगर, जुनैद नगर, खजूरवाड़ी और समता नगर सहित अन्य बस्तियों में भी जीर्ण-शीर्ण रास्तों के सुधार का कार्य प्रारंभ हुआ।

सुधा सिंह ने कहा कि सभी विकास कार्य स्थानीय विधायक अमीत साटम के मार्गदर्शन में किए जा रहे हैं, जो बिजली, पानी, सड़क और शौचालय जैसी बुनियादी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर हैं। इस अवसर पर वार्ड-68 के नगरसेवक रोहन राठौर, राजेश केकन, शंकर शिंदे, हेमा त्रिवेदी, अंजू कुमार, सुनील सिगवन, राजबली चौधरी, अशोक सोनी, किरण सोनी, लक्ष्मी कलोत्रा, मल्लेश कटकर और श्रद्धा जैन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने अक्टूबर 2025 में कुल 61,295 वाहनों की बिक्री दर्ज की

मुंबई। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि अक्टूबर 2025 में कंपनी की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कुल बिक्री 61,295 यूनिट रही, जो अक्टूबर 2024 में दर्ज 48,423 यूनिट की तुलना में 26.6% की उल्लेखनीय वृद्धि दशार्ती है। अक्टूबर 2025 टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के लिए एक रिकॉर्ड-तोड़ त्योहारी महीना साबित हुआ। इस दौरान कंपनी ने लगातार दूसरे महीने सर्वाधिक मासिक थोक बिक्री दर्ज की, जो 61,295 यूनिट रही – यह पिछले वर्ष की तुलना में प्रभावशाली 27% वार्षिक वृद्धि दशार्ती है। एसयूवी सेगमेंट ने बिक्री में बढ़त बनाए रखी, जिसमें 47,000 से अधिक यूनिट बिकीं और मासिक बिक्री में अब तक की सर्वाधिक 77% हिस्सेदारी दर्ज की।

कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में भी नया कीर्तिमान स्थापित किया, जहाँ 9,286 यूनिट की रिकॉर्ड बिक्री के साथ 73% वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। यह सफलता ग्राहकों की बढ़ती रुचि और टाटा मोटर्स के विस्तृत हो रहे ईवी पोर्टफोलियो का परिणाम रही। मजबूत खुदरा मांग ने त्योहारी सीजन में अभूतपूर्व गति बनाए रखी, जिससे मासिक रजिस्ट्रेशन का भी नया रिकॉर्ड बना।


उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर किशोरी से दुष्कर्म, वीडियो किया वायरल

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के चौक थाना क्षेत्र की रहने वाली किशोरी के साथ कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर इंगलिशिया लाइन के एक गेस्ट हाउस में दुष्कर्म किया गया। आरोप है कि किशोरी का अश्लील वीडियो भी बनाया गया और उसे ब्लैकमेल करने के बाद वायरल किया गया। गेस्ट हाउस संचालक अमित खरवार और दुष्कर्म के आरोपी इसराक अहमद को चौक पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि बेनियाबाग का रहने वाला इसराक अहमद दो माह पहले बेटी को बहला फुसलाकर कर नखीघाट निवासी अमित



खरवार के इंगलिशिया लाइन के गेस्ट हाउस में ले गया।

कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर इसराक ने बेटी के साथ दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो बना ली और ब्लैकमेल कर कई बार दुष्कर्म किया। 25 अक्टूबर को इसराक ने बेटी की अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर होटल में बुलाने का दबाव बनाया। बेटी ने जब इन्कार किया तो इसराक ने अश्लील वीडियो रिश्तेदारों और परिजनों को भेज दी। साथ ही परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी। एसीपी दशाश्वमेध शुभम कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# रिश्ते के बहाने आश्रम में पहुंचा अधेड़, युवती संग संदिग्ध हालत में धराया

## एक आश्रम से ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस को सौंपा

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र में ग्रामीणों ने उस समय हंगामा करना शुरू कर दिया। जब एक युवती और अधेड़ संदिग्ध हालत में पकड़े गए।

बताया जाता है की सोमवार की दोपहर नगर से सटे एक गाँव स्थित एक आश्रम के भूसा घर से एक स्कूल ड्रेस में युवती और एक अधेड़ को गाँव के युवकों ने संदिग्ध प्रतीत होने पर भूसा घर के अंदर बने एक रूम से आपत्ति जनक परिस्थितियों में धर लिया। और हंगामा करते हुए पूछताछ करना शुरू कर दिया।इतने किसी ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को किसी तरह वहां से निकाल कर कोतवाली ले लाये।

सूत्रों की अगर माने तो एक आश्रम के मुखिया से एक अधेड़ व्यक्ति मिलने आया था। और उनसे कहा की एक लड़की है। जिसे देखने के लिए कुछ लोग देखने आ रहे हैं। रिश्ते के लिए ये कहकर उक्त अधेड़ ने एक रूम के लिए आश्रम के मुखिया से निवेदन किया।तो आश्रम के मुखिया ने आश्रम के ही सामने आश्रम के दूसरे हिस्से जिसमे गौवंश रखा जाता है। उसी हिस्से में बने रूम को साफ करवा कर उक्त अधेड़ व्यक्ति को दिया। रूम देने के बाद कुछ देर में ही उक्त घटना सामने आई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। बताते हैं की युवती जौनपुर के सिकरारा के एक गॉव की निवासी है। जबकि अधेड़ खुटहन थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

**मामले की जांच पड़ताल जारी: प्रभारी निरीक्षक:** वहीं इस सम्बंध में जब प्रभारी निरीक्षक के के सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा की मामला संज्ञान में है पूछताछ की जा रही है। दोनों के परिजनों को सूचना दे दी गयी। थाने पर परिजन आजायेंगे तो आगे की कार्यवाई की जॉयेगी।

# मिर्जापुर में शराबी ने किया अपनी मां की गला दबाकर हत्या

मिर्जापुर (उत्तरशक्ति)। जिले में जिगना थाना क्षेत्र के बघेड़ा कला निवासी शख्स ने रविवार की रात शराब पीकर पत्नी की पिटाई करने लगा। इसका विरोध मां ने किया तो नशे में व्यक्ति ने अपनी मां की गला दबाकर हत्या कर दी।

घटना के बाद पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। क्षेत्र निवासी रामसूरत बिंद रविवार की रात शराब पीकर अपने घर आकर अपनी पत्नी सुनीता देवी को नशे में मारने पीटने लगा। पूरे परिवार को गाली देने लगा। जिसका विरोध उसकी मां चमेलिया देवी (65) ने किया। इस बात से नाराज रामसूरत अपनी मां को मारने-पीट लगा। उसका गला दबा दिया। वह बेहोश हो गई। उसे इलाज के लिए परिजन द्वारा अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थानाध्यक्ष जिगना ने मृतका चमेलिया देवी के दूसरे पुत्र राममूरत बिंद के तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया। कहा कि आरोपी रामसूरत बिंद को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है।

# शाहगंज पुलिस ने मारपीट कर चेन छीनने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा मारपीट कर चेन छीनने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार किया है। कब्जे से चेन बरामद भी बरामद किया गया। पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरण, दिनांक-02.11.2025 को थाना क्षेत्र शाहगंज अन्तर्गत हेरिटेज होटल मे आरोपी द्वारा होटल मैनेजर के साथ मारपीट कर चैन लिया था जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 379/2025 धारा 115(2), 352,351(3) 309 (4) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तारी का विवरण-आज दिनांक 03.011.2025 को उ0नि0 सुभाष गिरी मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त प्रमोद कुमार यादव पुत्र स्व0 हवलदार यादव निवासी बहिरापर थाना पवई जनपद आजमगढ़ को चिरैया मोड़ से गिरफ्तार किया गया। तथा लूट का चैन बरामद किया गया गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) की वृद्धि की गई। अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।




# बरसठी पुलिस ने अपहरण के अभियोग में वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। प्रभारी निरीक्षक बरसठी देवानन्द रजक के नेतृत्व मे उ0नि0 विनोद कुमार चतुर्वेदी मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0 187/2025, धारा-64(1),137(2),87 बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट मे नामित अभियुक्त आशीष कुमार गौतम पुत्र रतीलाल गौतम निवासी ग्राम चकनरायनपुर थाना बरसठी जनपद जौनपुर को मुखबीर खास की सूचना पर जंगी रोड चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# खेतासराय पुलिस ने एक आरोपी को अवैध देशी तमन्चा व जिन्दा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थानाध्यक्ष खेतासराय के नेतृत्व में उ0नि0 अनिल कुमार पाठक मय पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर आरोपी भक्कू पुत्र जुमराती निवासी ढढवाराखुर्द थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को गोरारी से गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त के कब्जे से एक नाजायज देशी तमंचा .315 बोर व 01 जिन्दा कारतसू .315 बोर का बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 233/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभि0 को मा0 न्यायालय भेजा गया।




# पूर्व विधायक दिनेश चौधरी नें छात्राओं को टैबलेट और लैपटॉप का किया वितरण

## महाविद्यालय में पूर्व विधायक का फूल मालाओं से हुआ जोरदार स्वागत

**मो.असलम खान**

केराकत, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। केराकत तहसील क्षेत्र के चंदवक के मनियारेपुर गांव में स्थित विद्यावती महिला महाविद्यालय में छात्राओं को केराकत के पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे टैबलेट/लैपटॉप का वितरण किया। टैबलेट/लैपटॉप को पाकर के छात्राओं के चेहरे खिल गए, छात्राएं उत्साहित थी। पूर्व विधायक ने कहा कि यह प्रदेश सरकार की योजना जनता के प्रति समर्पण को दशार्ता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सर्वस्पर्शी तथा विकाशपुरुष मुख्यमंत्री हैं उन्होंने प्रदेश में सुशासन का रोल मॉडल स्थापित किया। बहन बेटियां सुरक्षित है, उन्हें घरों से निकलने में हिचक और किसी भी प्रकार का डर नहीं है। गुंडे माफिया जेल में है। प्रदेश में विकाश की लहर चल रही है। मैने भी अपने कार्यकाल में राजकीय महिला महाविद्यालय का निर्माण अपने विधानसभा क्षेत्र के बेटियों के




लिए सरकार से आग्रह कर के करवाया। आज विद्यालय संचालित है। गरीब परिवार की बच्चियां निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रही है। आज भी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर हूं। प्रयासरत हूं। पूर्व विधायक ने कल महिला क्रिकेट टीम को विश्व कप को जीतने पर बधाई प्रदान किया। पूर्व विधायक ने कहा कि सभी बच्चियों को बालिकाओं को भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से सबक लेते हुए उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और जब तक मंजिल ना मिल जाए तब तक कठिन मेहनत करना छोड़ना नहीं चाहिए। प्रबंधक डॉ.सुनील पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन शरद पाण्डेय ने किया।

उक्त अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा संजय सिंह, प्रधान परमहंस सिंह, प्रधान वीरेंद्र पांडेय, प्रबंधक डॉ.सुनील पांडेय, रामभुवन सिंह, दिन्नु पांडेय, चंद्रिका यादव, रामनाथ चौरसिया, तनु सिंह सहित क्षेत्र के तमाम संभ्रांत लोग एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# संयुक्त कृषि निदेशक ने किसानों को मृदा परीक्षण की उपयोगिता से कराया अवगत

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विशेष अभियान 03 नवम्बर 2025 को मृदा नमूना संग्रहण के तृतीय दिवस के अवसर पर संयुक्त कृषि निदेशक, वाराणसी मण्डल-वाराणसी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम-सुल्तानपुर विकास खण्ड-सिरकोनी जनपद-जौनपुर में कृषक सुनील कुमार विश्वकर्मा एवं श्रीमती गायत्री देवी के खेत से मृदा नमूना ग्रहित किया गया।

संयुक्त कृषि निदेशक द्वारा किसानो को मृदा परीक्षण की उपयोगिता से अवगत कराया गया तथा सभी कृषको से मृदा परीक्षण कराने का आह्वान किया गया, जिससे खेत में उपस्थित जीवाश्म, कार्बन, मुख्य पोषक तत्व तथा सूक्ष्म पोषक तत्व की जानकारी प्राप्त हो सके व मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वरको का प्रयोग किया जा सके।

संयुक्त कृषि निदेशक द्वारा वर्तमान रबी मौसम में फसलों यथा गेहूँ, जौ, चना, मटर, मसूर, अलसी, सरसो आदि की बुवाई से पूर्व बीज शोधन अनिवार्य रूप से करने का आह्वान किया गया। फसलो को मृदा जनित रोगो से बचाव हेतु मिट्टी का



शोधन, ट्राइकोडरमा से करने हेतु प्रेरित किया गया। किसानो को फार्मर रजिस्ट्री तथा फसल बीमा कराने हेतु प्रेत्साहित किया गया। साथ ही पराली प्रबंधन की अति आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

उन्होंने राजकीय कृषि बीज भण्डार, जलालपुर, जौनपुर का निरीक्षण किया गया। शासन द्वारा निर्धारित रेट पर उपलब्ध बीजो की बिक्री करते हुये ससमय बीजो का समायोजन कराने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात जायसवाल खाद भण्डार, शिवम्, खाद भण्डार व साधन सहकारी समिति रेहटी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासन द्वारा निर्धारित रेट पर उर्वरको की बिक्री करते हुये उर्वरक बिक्री से सम्बन्धित अभिलेख यथा स्टाक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर, रेट बोर्ड, स्टाक बोर्ड अद्यतन रखे जाने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही उप कृषि निदेशक, जौनपुर कार्यालय में योजनाओ की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। मौके पर प्रगतिशील कृषक पवन, संतोष, राहुल आदि के साथ-साथ अन्य कृषक भी उपस्थित रहे।

# केराकत के अस्पतालों में इलाज नहीं, लापरवाही का इलाज

## सरकारी से लेकर निजी नर्सिंग होम तक फैली अव्यवस्था, मरीज बेहाल-जिम्मेदार खामोश

केराकत,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह बीमार हो चुकी है। अस्पताल हैं, भवन हैं, बोर्ड हैं पर सेवा और जिम्मेदारी दोनों नदारद हैं। सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी नर्सिंग होम तक लापरवाही और कमीशनखोरी का बोलबाला है। इलाज के नाम पर मरीजों को केवल इंतजार और उपेक्षा ही मिलती है।

**डॉक्टर समय पर नहीं, मशीनें खराब, दवाएं गायब:** स्थानीय लोगों का कहना है कि डॉक्टर अक्सर समय पर अस्पताल नहीं पहुंचते। कई अस्पतालों में महीनों से मशीनें खराब पड़ी हैं, दवाओं की उपलब्धता सीमित है। गरीब मरीज घंटों लाइन में लगने के बाद भी इलाज से वंचित रह जाते हैं, जबकि पैसे वालों के लिए दरवाजे तुरंत खुल जाते हैं।

**अवैध अस्पतालों का जाल, कार्रवाई का इंतजार:** केराकत स्टेशन रोड सहित कई इलाकों में फर्जी डिग्रीधारी संचालकों के अस्पताल, पैथोलॉजी, क्लिनिक, अल्ट्रासाउंड और जांच केंद्र खुलेआम चल रहे हैं। इन पर कार्रवाई कब होगी, यह सवाल आज भी अनुत्तरित है। प्रशासनिक स्तर पर जांच की बातें जरूर होती हैं, मगर जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

**सरकारी अस्पतालों में न दवा, न डॉक्टर, न ईमान:** सरकारी अस्पतालों की हालत तो और भी दयनीय है। यहाँ दवा नहीं मिलती, डॉक्टर नदारद रहते हैं और जवाबदेही का कोई




नामोनिशान नहीं। वहीं निजी अस्पतालों में इलाज का मतलब भारी बिल और कमीशन का खेल बन गया है। जनता के पैसे से बनी व्यवस्था जनता के ही खिलाफ खड़ी दिखाई देती है।

**ऑक्सीजन प्लांट बेकार, एम्बुलेंस चालक 'कमीशन' पर:** कई अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट तो है, लेकिन सिलिंडर खाली मिलते हैं। ईसीजी और अन्य उपकरण महीनों से खराब हैं। एम्बुलेंस चालकों पर आरोप है कि वे मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में भेजने के लिए कमीशन का खेल खेलते हैं। सवाल यह है कि जब सबको हकीकत पता है, तो कार्रवाई कौन करेगा

**जनता भुगत रही सजा, जिम्मेदार मौन:** डॉक्टर, अधिकारी और नेता– सभी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर बच निकलते हैं। स्वास्थ्य विभाग की जांच टीमें आती हैं, रिपोर्ट बनती है, लेकिन नतीजा हमेशा शून्य रहता है। जनता की परेशानी जस की तस बनी हुई है।

**अब जनता पूछ रही है सवाल:** जब अस्पताल बेकार हैं, डॉक्टर बेखबर हैं, तो जनता क्यों सजा भुगते। क्या आम आदमी का अपराध सिर्फ इतना है कि वह इलाज चाहता है, शिक्षा चाहता है, और साफ हवा में सांस लेना चाहता है।

**अब वक्त है जवाबदेही तय करने का:** केराकत की जनता उम्मीद कर रही है कि प्रशासन जागे और अस्पतालों को सचमुच सेवा के मंदिर बनाए न कि लूट और लापरवाही का अड्डा।

# वाराणसी: देव दीपावली को लेकर पुलिस अलर्ट, 10 जोन और 21 सेक्टर में बंटेगा इलाका

## ढाई हजार पुलिस वाले चप्पे-चप्पे पर रखेंगे नजर

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। काशी की विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली पर लाखों की भीड़ उमड़ेगी। ऐसे में कमिश्नरेट पुलिस अलर्ट हो गई है। पूरे इलाके को 10 जोन, 21 सेक्टर



और 31 सब सेक्टर में बांटा गया है। इलाके में ढाई हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा ड्रोन टीम लगातार निगरानी करेगी। ताकि किसी प्रकार की स्थिति से तत्काल निबटा जा सके।

**घाटों की ओर नहीं जाएंगे वाहन:** एडीसीपी काशी जोन सरवणन टी ने बताया कि पांच नवंबर को आयोजित होने वाली देव दीपावली को लेकर पुलिस अलर्ट है। सभी घाटों पर पुलिस और एनडीआरएफ के जवान तैनात रहेंगे। 10 जोन 21 सेक्टर और 31 सब सेक्टर में विभाजित करके 2500 पुलिसकर्मियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। गंगा के 8 किलोमीटर नदी क्षेत्र को 14 सेक्टरों में विभाजित करके एनडीआरएफ जल पुलिस, फ्लड पीएससी को तैनात किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 31 डायवर्जनन पॉइंट बनाए गए हैं। देव दीपावली के दिन दोपहर दो बजे कोई भी वाहन घाटों की तरफ नहीं जाएगा।

**नावों में 90 फीसदी ही सैलानी बैठाएंगे नाविक:** उन्होंने कहा कि देव दीपावली पर देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। नाविकों के साथ एक मीटिंग की गई है। इसमें उन्हें सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए गए हैं। सभी अपने-अपने नावों में 90 फीसदी ही पर्यटकों को बैठाएंगे। वहीं हर नाव में लाइफ जैकेट, अग्निशमन यंत्र रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस बार गंगा का जलस्तर 62 मीटर है, जो पिछले साल की तुलना में लगभग 10 मीटर अधिक है।

**10 ड्रोन कैमरे आसमान से करेंगे सर्विलांस:** उन्होंने बताया कि देव दीपावली पर भीड़ की निगरानी के लिए ड्रोन टीम एक्टिव रहेगी। 10 ड्रोन का इस्तेमाल कर घाट और नदी क्षेत्र का लगातार सर्विलांस किया जाएगा। गंगा की तरफ जाने वाले मार्गों को चिह्नित किया गया है। उन मार्गों पर मजबूत बैरिकेडिंग और वॉच टॉवर्स बनाए जाएंगे। यदि घाटों पर भीड़ बढ़ी तो मार्गों को बंद कर ट्रैफिक को दूसरी ओर डायवर्ट किया जाएगा।

**ज्वाइंट टेक्निकल टीम नावों की कर रही जांच:** इस बार ज्वाइंट टेक्निकल इंस्पेक्शन टीम का गठन किया गया है। इसमें एनडीआरएफ, जल पुलिस, नगर निगम, आरटीओ व इनलैंड वाटर बेस से अधिकारियों को शामिल किया गया है। उन्हें सभी नावों की जांच करने की जिम्मेदारी दी गई है। जर्जर नावों को चिह्नित कर लाल रंग से मार्किंग की जाएगी, ताकि देव दीपावली के दिन कोई जर्जर नाव गंगा में न चलने पाए। इस बार बाहर से आने वाली नौकाओं को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

**गंगा में कराई जा रही बैरिकेडिंग:** उन्होंने बताया कि गंगा में नौकाओं व क्रूज के सुगम संचालन के लिए बीच में बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जा रही है। इसके माध्यम से आने-जाने का अलग-अलग मार्ग निर्धारित किया जाएगा। इससे नौका और क्रूज के बीच आपस में टकराव की आशंका समाप्त हो जाएगी। पुलिस बाहर से आई नौकाओं की भी जांच करेगी।

**तीन लाख में नौका, 7 लाख में क्रूज की बुकिंग:** शंभू निषाद ने बताया कि देव दीपावली को लेकर नौकाओं की बुकिंग काफी तेजी से हो रही है। 75 फीसदी नौकाएं बुक हो चुकी हैं। छोटी मोटरबोट 18 से 20 हजार, डबल डेकर नावें 2.5 लाख से 3.0 लाख और क्रूज की बुकिंग 6 से 7 लाख में हो रही है।

# 11000 विद्युत तार गिरने से नीलगाय की मौत



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। रामपुर विकासखंड के सुरेरी थाना क्षेत्र के अडियार, ग्राम सभा में 11000 वोल्टेज तार गिरने से नीलगाय की मौत हो गई ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत विभाग के लापरवाही से आए दिन कुछ ना कुछ घटनाएं होती रहती है। ग्रामीण क्षेत्र में इतने तार जर्जर हो चुके हैं आए दिन कहीं-कहीं तार गिरा रहता है। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने बताया मीडिया दी।

# जलालपुर पुलिस ने हत्या के आरोपी को आलाकत्ल एक लोहे की राड व एक डण्डा के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना जलालपुर पुलिस टीम द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित आरोपी को आलाकत्ल एक लोहे की राड व एक डण्डा के साथ गिरफ्तार कर लिया। **घटना का संक्षिप्त विवरण:** दिनांक-25.10.2025 को रितिका पाण्डेय पुत्री रामकुमार पाण्डेय ग्राम ताला मझवारा थाना-जलालपुर जनपद-जौनपुर के तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 395/25 धारा 110/115(2)/352/351(3) बीएनएस बनाम अवनीश पाण्डेय उर्फ नीरज पुत्र शेषमन पाण्डेय ,अंश पाण्डेय पुत्र अवनीश पाण्डेय उर्फ नीरज पाण्डेय निवासी तालामझवारा थाना जलालपुर जौनपुर के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी का विवरण प्र0नि0 गजानन्द चौबे जलालपुर के नेतृत्व में दिनांक-03.11.2025 को उ0नि0 राम अवतार यादव मय क्राइम टीम उ0नि0 प्रदीप कुमार मय हमराह हे0का0 चन्दन सिंह के द्वारा आरोपी अवनीश पाण्डेय उर्फ नीरज पुत्र शेषमन पाण्डेय निवासी ताला मझवारा थाना जलालपुर जौनपुर को आरोपी की निशा देही पर लोहे की राड तथा बांस की लाठी के साथ समय करीब 12.30 बजे सई नदी पुल के पास बहद् ग्राम महिमापुर थाना जलालपुर जौनपुर हिरासत पुलिस में लिया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# मुंगराबादशाहपुर में पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर चोरों को लगी गोली, नौ अंतर्जनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार

## छह किलो चाँदी और 1.04 लाख रुपये नगद बरामद

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस व स्वाट टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना क्षेत्र के नीभापुर रेलवे क्रासिंग के आगे काछीडीह मोड़ पर सोमवार तड़के करीब 1:15 बजे पुलिस व स्वाट टीम की बदमाशों से मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में दो शातिर चोर गोली लगने से घायल हो गए, जबकि कुल नौ अंतर्जनपदीय कुख्यात अपराधी गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने उनके कब्जे से दो तमंचे, चार कारतूस, करीब छह किलो चाँदी के आभूषण, रु.1 लाख 4 हजार नकद व चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए।



यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी मछलीशहर व क्षेत्राधिकारी क्राइम के पर्यवेक्षण में की गई। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे उत्तर प्रदेश और बिहार के बड़े शहरों में ठिकाना बनाकर आसपास के जिलों में ज्वेलरी दुकानों की रेकी कर चोरी की घटनाएँ अंजाम देते थे।

इन अपराधियों ने बताया कि वे वाराणसी कैंट स्टेशन के पास झोपड़ी डालकर ठहरे थे और वहीं से उन्होंने मुंगराबादशाहपुर की घटना के अलावा 27 अक्टूबर को अलीनगर (चंदौली) और 29 अक्टूबर को सारनाथ (वाराणसी) में भी ज्वेलरी की दुकानों में चोरी व प्रयास की वारदात की थी। सारनाथ की घटना का सीसीटीवी फुटेज भी इनसे मेल खा रहा है।

**बरामदगी का विवरण:** चाँदी वजन करीब 05 कि0ग्रा0 782 ग्राम। चाँदी के आभुषण वजन करीब 203 ग्राम। 01 लाख 04 हजार रुपये नगद। 2 तमंचा एवं 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस .315 बोर।

चोरी में प्रयुक्त उपकरणो की बरामदगी विवरण: 03 लोहे का रम्मा/सब्बल, 01 पिलास, 03 लकडी का मुठिया लगा हुआ सूजानुमा पेंचकस, 01 रेती, 01 प्लास्टिक की मुठिया लगी प्लास, 01 नायलान की रस्सी, 02 गैस कटर की नाब।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात माह के दौरान जौनपुर के 300 बच्चों के मध्य किया गया जागरुकता कार्यक्रम

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जौनपुर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात माह नवम्बर 2025 के दौरान आज श्रीमती गुलाबी देवी इण्टर कालेज, कन्हइपुर जौनपुर के 300 बच्चों के मध्य जागरुकता कार्यक्रम किया गया व शहर के प्रमुख चौराहा/तिराहों पर लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुवे प्रवर्तन की कार्यवाही में 361 वाहनों का चालान किया गया।

आज दिनांकः 03.11.2025 को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात सुनील चन्द्र तिवारी व प्रभारी निरीक्षक यातायात सुशील कुमार मिश्रा, के द्वारा यातायात माह नवम्बर 2025 के दौरान आज श्रीमती गुलाबी देवी इण्टर कालेज, कन्हइपुर जौनपुर में 300 बच्चों के माध्यम से यातायात जागरूकता से सम्बन्धित क्विज, संभाषण, रंगोली, चित्रकला, पोस्टरकला एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजित किया गया, तथा सभी बच्चों को यातायात नियमों की शपथ दिलायी गयी। साथ ही शहर के प्रमुख चौराहा/तिराहों पर लोगों को यातायात नियमों के बारे में




जागरूक करते हुए सड़क पर वाहनों को खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने व जाम लगाने वाले वाहनों को उनके मालिकों को आगे ऐसा न करने की चेतावनी देते हुये हटवाया गया न हटाने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी। तथा लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया। हेलमेट व सिटबेल्ट लगा करके वाहन चलाने, मोटर साइकिल में तीन सवारी ना बैठाना, हाई स्पीड वाहन न चलाना व वाहनों के शिशों में काली फिल्म न लगानें तथा उससे हो रही दुर्घटनाओं को कम करनें के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रवर्तन की कार्यवाही में 361 वाहनों का चालान किया गया।

## डॉ जंगबहादुर यादव का जन्म दिन मनाया गया



**मुंबई।** भांडुप तुलसेत पाड़ा के सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉ जंगबहादुर यादव का 50 वां जन्मदिवस समारोह उनके तुलसेत पाड़ा स्थित क्लिनिक पर मनाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ. सचिन सिंह (अध्यक्ष युवा ब्रिगेड असोसिएशन), डॉ योगेश नावडकर, डॉ संजय शुक्ला, डॉ. सुनील मिश्रा, डॉ अशोक नरोड़ा, डॉ अनिल चाडक, डॉ प्रकाश गिरी, डॉ. रमेश गुप्ता, डॉ गणेश जायसवाल ने केक काटकर, शाल, पुष्पगुच्छ, भेंट वस्तु प्रदान कर डॉ. जंगबहादुर यादव को जन्मदिन की शुभकामनायें प्रदान किया।

## कर्नाटक राज्योत्सव 2025 पुरस्कार मिलने के उपलक्ष्य में डॉक्टर पी. व्ही. शेट्टी का भव्य सत्कार



**बोरीवली।** बोरीवली के प्रमोद महाजन क्रीड़ांगण में आयोजित खासदार क्रीड़ा महोत्सव 2025 के दौरान कर्नाटक सरकार द्वारा प्रतिष्ठित ‘कर्नाटक राज्योत्सव 2025 पुरस्कार मिलने के उपलक्ष्य में मुम्बई क्रिकेट एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉक्टर पी. व्ही. शेट्टी को पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी की गरिमामय उपस्थिति में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पुष्प गुच्छ तथा शॉल प्रदान कर सन्मानित किया। इस अवसर पर जनसेवक गोपाल शेट्टी के साथ पूर्व विधायक विजय (भाई) गिरकर, दहिसर विधानसभा की विधायक श्रीमती मनीषा ताई चौधरी तथा बोरीवली के विधायक संजय उपाध्याय उपस्थित थे।

## श्री क्षेत्र रामेश्वर देवस्थान, उद्धर में स्वच्छता गृह का लोकार्पण



**उद्धर(उत्तरशक्ति)।** श्री क्षेत्र रामेश्वर देवस्थान, उद्धर में आज नवनिर्मित स्वच्छता गृह का लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। यह स्थान जिलेभर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थक्षेत्र है, जहाँ प्रतिदिन लगभग 200 से 500 श्रद्धालु दशक्रिया विधि हेतु उपस्थित रहते हैं। देवस्थान परिसर में स्वच्छता गृह की सुविधा उपलब्ध होने से आगंतुकों को बड़ी राहत मिली है। अब श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण में धार्मिक विधियों का पालन करने में सुविधा होगी। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने देवस्थान पंच समिति के इस उपक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह सुविधा लंबे समय से आवश्यक थी और अब इसके निर्माण से यात्रियों को अत्यंत लाभ होगा। लोकार्पण समारोह में उद्धर ग्राम के अनेक ग्रामस्थ, श्रद्धालु तथा देवस्थान के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल के लिए देवस्थान पंच समिति के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बोईसर में चतुर्भुज ज्वेलर्स पर दिनदहाड़े फायरिंग, दुकानदार बाल-बाल बचे



**पालघर (उत्तरशक्ति)।** बोईसर में स्थित प्रसिद्ध चतुर्भुज ज्वेलर्स की दुकान पर सोमवार दोपहर को कुछ अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े फायरिंग कर दी। अचानक हुई इस वारदात से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूत्रों के अनुसार, हथियारबंद चोर दुकान में लूट की नीयत से घुसे थे। जब दुकानदार ने विरोध किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। हालांकि, सौभाग्य से दुकानदार मयूर सोनी और स्टाफ सुरक्षित रहे। मौके पर अफरा-तफरी के बीच चोर अपनी पिस्तौल वहीं छोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बोईसर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से हथियार और उउळश फुटेज जब्त कर लिए हैं। चोरों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। इस घटना के बाद ज्वेलरी व्यवसायियों में भय और आक्रोश का माहौल है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय व्यापारियों और पुलिस प्रशासन के बीच एक बैठक आयोजित की गई है, जिसमें सुरक्षा बढ़ाने की मांग की गई है।

## भारत की बेटियों ने देश का नाम रोशन किया : कृपाशंकर सिंह




**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका को 52 रनों से हराकर इतिहास रचा है। महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह ने कहा कि भारत की बेटियों ने देश का नाम रोशन किया। देश आज हर क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की कर रहा है। उत्तर भारतीय मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रसेन सिंह ने कहा कि विश्व विजय का पताका फहराने वाली महिला क्रिकेट टीम पर संपूर्ण देशवासियों को गर्व है। मीरा भाईंदर के भाजपा नेता सुरेश सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया में बज रहे भारत के विजय डंका के बीच यह एक बड़ी उपलब्धि है। नगरसेवक मनोज रामनारायण दुबे ने कहा कि महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने साबित कर दिया कि आज भारत की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

## पत्नी से विवाद में युवक ने खुद को गोली मारी

**गोरखपुर(उत्तरशक्ति)।** बेलीपार थाना क्षेत्र के कलानी खुर्द महोब गांव में शनिवार देर रात एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में खुद को गोली मार ली। गंभीर हालत में परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां से डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बाद में नाजुक हालत को देखते हुए लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। घायल युवक की स्थिति अब भी गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, 30 वर्षीय केशव सिंह सऊदी अरब में प्राइवेट कंपनी नौकरी करते थे और करीब सात माह पहले गांव लौटे थे। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व उनकी शादी बस्ती जिले के बभनान निवासी साक्षी से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। साक्षी मायके चली गई, फिर वापस नहीं आई। इसके बाद केशव सऊदी लौट गए लेकिन पत्नी ने उन पर केस दर्ज करा दिया। दबाव बढ़ने पर केशव सऊदी अरब से गांव लौट आए और बकरी पालन कर जीवनयापन करने लगे। सूत्रों के अनुसार, पत्नी साक्षी और उसके बहन-बहनोई का लगातार फोन कॉल आने से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगे। शनिवार रात करीब 11:15 बजे उन्होंने घर पर ही अवैध असलहे से खुद को गोली मार ली। गोली लगने की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे और उन्हें अस्पताल ले गए। इस संबंध में परिवार के लोगों से बातचीत करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

## फंदे पर लटकता मिला बीफार्मा का छात्र

**प्रयागराज(उत्तरशक्ति)।** करछना थाना क्षेत्र के रोकड़ी गांव में रविवार की आधी रात बी फार्मा के छात्र ने अज्ञात कारणों से फंदे से लटक कर जान दे दी। सोमवार सुबह घरवाले उसे जगाने पहुंचे तो वह फंदे से लटक रहा था। मामले की सूचना पर पहुंची करछना पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी 22 वर्षीय राजीव तिवारी पुत्र स्व रामायण तिवारी रविवार की आधी रात कमरे के अंदर रस्सी का फंदा बनाकर लटक गया। सोमवार सुबह परिजन उसे जगाने गए तो देखा कि वह फंदे से लटक रहा है। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। वह नैनी के किसी स्कूल से बीफार्मा का कोर्स कर रहा था।

# पीएनबी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 मनाने के लिए आयोजित किया साइक्लोथॉन



**मुंबई।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) के अंतर्गत एक रोमांचक साइक्लोथॉन 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस वर्ष का विषय, सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी, पूरे कार्यक्रम का आधार रहा। यह कार्यक्रम 2 नवंबर की सुबह 7:00 बजे द्वारका स्थित पीएनबी के कॉर्पोरेट कार्यालय में आयोजित किया गया। इस साइक्लोथॉन में आम जनता और पीएनबी कर्मचारियों सहित सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो सतर्कता के बारे में जागरूकता बढ़ाने और एक स्वस्थ, सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एकजुट हुए थे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अशोक चंद्र, कार्यपालक निदेशकडी. सुरेंद्रन और मुख्य सतर्कता अधिकारी राघवेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। उनकी उपस्थिति ने ईमानदारी, जवाबदेही और टीम वर्क की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, साथ ही जीवन के सभी पहलुओं में सतर्कता के प्रति व्यापक प्रतिबद्धता को प्रेरित किया। अपने संबोधन में, पीएनबी के एमडी और सीईओ, श्री अशोक चंद्र ने कहा, पीएनबी में, हमारा मानना है कि सतर्कता केवल निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हमारे दैनिक जीवन में हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें जागरूकता, सजगता और जवाबदेही भी सम्मिलित है। यह साइक्लोथॉन ईमानदारी, टीम वर्क और उचित वितरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जैसे-जैसे हम साथ मिलकर आगे बढ़ते हैं, हम अपने और अपने आसपास एक पारदर्शी और नैतिक कार्य संस्कृति के प्रति अपनी प्रतिज्ञा की पुष्टि करते हैं।

पीएनबी के मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री राघवेंद्र कुमार ने आगे कहा, ‘सतर्कता एक सतत यात्रा है, इस यात्रा में एक सवारी की तरह, इसमें संतुलन, प्रयास और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। साइक्लोथॉन जैसी पहल के माध्यम से, हमारा उद्देश्य सतर्कता को एक साझा जिम्मेदारी के रूप में स्थापित करना है और भ्रष्टाचार मुक्त संगठन के निर्माण में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस कार्यक्रम को सभी से सम्पूर्ण समर्थन मिला, जिसमें जीवन के सभी क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने व्यक्तिगत और व्यावसायिक आचरण में सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस पहल के माध्यम से, पीएनबी एक अधिक जागरूक, जिम्मेदार और नैतिक रूप से जागरूक समाज के निर्माण के अपने मिशन को आगे बढ़ा रहा है। एक स्वस्थ कार्यबल और एक पारदर्शी, भ्रष्टाचार-मुक्त भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत, पीएनबी एक उत्कृष्ट उदाहरण स्थापित करने के अपने प्रयासों पर अडिग है, जो यह दर्शाता है कि सतर्कता वास्तव में सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## पुलिस मुठभेड़ में नौ बदमाश गिरफ्तार

**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** जौनपुर जिले के मुंगराबादशाहपुर पुलिस और स्वाट टीम के साथ बदमाशों की मुठभेड़ हुई। इस दौरान नौ बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें दो के पैर में गोली लगी है। सभी चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय बदमाश हैं। इनके पास से दो तमंचा, चार कारतूस और चोरी किए गए छह किलो ग्राम चांदी एवं चांदी के आभूषण और 1.04 लाख रुपये बरामद हुए हैं। 21 अक्तूबर को पकड़ी गोदाम जंघई रोड निवासी अनिल सोनी के ज्वेलरी की दुकान में चोरी हुई थी, जिसका पुलिस ने खुलासा किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, आतिश कुमार सिंह के मुताबिक पुलिस ने मुठभेड़ में नीभापुर रेलवे क्रॉसिंग से आगे काछीडीह मोड़ से रविवार की रात करीब 1.15 बजे शाहजहांपुर जनपद के मिलकिया थाना निगोह निवासी लादु और उसी जनपद के ईसापुर थाना निगोह निवासी पूरन को गिरफ्तार किया गया है। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने इनके अलावा आरोपियों के सात और साथियों को गिरफ्तार किया है।

## बाबा दुबे 100 दिन की जन-जन आशीर्वाद यात्रा में लोगों से करेंगे संवाद



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक ओमप्रकाश दुबे उर्फ बाबा दुबे ने बदलापुर विधानसभा की करीब 30 न्याय पंचायत में 100 दिनों तक जन जन आशीर्वाद यात्रा करने का निश्चय किया है। वे एक न्याय पंचायत में 3 दिन रहकर वहां के सभी गांव में चौपाल के माध्यम से लोगों से संवाद करेंगे। यही नहीं रात भी वे ग्राम वासियों के बीच ही बिताएंगे। 2 नवंबर को उन्होंने इस संबंध में अर्जुनपुर न्याय पंचायत से जुड़े लोगों के साथ बैठक की। उनकी जन-जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ इसी न्याय पंचायत से होना है। वर्ष 2002 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में राजनीति की शुरूआत करनेवाले बाबा दुबे अब तक लोकसभा और विधानसभा मिलाकर सात चुनाव लड़ चुके हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में बहुत ही कम मतों से पराजित होने वाले बाबा दुबे का जनता के बीच में अच्छा खासा प्रभाव माना जाता है। निर्दल प्रत्याशी के रूप में भी उन्हें जनता का अच्छा सपोर्ट मिल चुका है। बाबा दुबे की यह यात्रा पूरी तरह से राजनीतिक यात्रा है, जिसमें वे अपने लोगों से बातचीत करेंगे तथा नए लोगों को जोड़ने का प्रयास करेंगे। विधायक के रूप में भी बाबा दुबे का कार्यकाल शानदार माना जाता है। उनके कार्यकाल में बदलापुर विधानसभा को पूरे प्रदेश में सबसे कम अपराध और सबसे कम भ्रष्टाचार वाला विधानसभा माना गया था। ऐसे में एक साफ सुथरी छवि और अच्छे कार्यों के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ उनकी यात्रा को अच्छा प्रतिसाद मिलना तय है। बैठक में उपस्थित रहने वाले लोगों में वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, सभाजीत तिवारी, रामजी उपाध्याय, हरिनारायण गिरी, शिव प्रसाद पांडे , देवासीष शुक्ला, धीरज यादव मनोज उपाध्याय आदि का समावेश रहा।

## हरे कृष्णा इंग्लिश हाई स्कूल में नि:शुल्क स्मार्ट अभ्यासिका का किया शुभारंभ



**वसई।** स्वामी विवेकानंद सेवा संस्थान की बस्ती विकास योजना के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल के रूप में हरे कृष्णा निःशुल्क स्मार्ट अभ्यासिका का शुभारंभ वसई की लोकप्रिय विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने किया। यह कार्यक्रम वसई पूर्व स्थित हरे कृष्णा इंग्लिश हाई स्कूल, मालजी पाटिल रोड, जीवन नगर, गोराई पाड़ा परिसर में आयोजित किया गया।

इस अभिनव योजना का उद्देश्य समाज के आम और जरूरतमंद विद्यार्थियों को तकनीक-संयोजित, गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना है। आधुनिक शिक्षण उपकरणों, स्मार्ट क्लासरूम, और मार्गदर्शन के साथ छात्रों को बेहतर अध्ययन वातावरण प्रदान करने का यह प्रयास शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद सेवा संस्थान के रूपेश वैद्य, ट्रस्टी मनोज दुबे, हरे कृष्णा इंग्लिश हाई स्कूल की ट्रस्टी एवं प्रधानाचार्य श्रीमती संगीता दुबे, अमित दुबे, वसई पूर्व वालिव मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत वाघमारे, सूरज शिंदे, विकास सिंह, सारांश दास, राहुल सिंह, रजनीश विश्वकर्मा, राहुल पांडे, दिलीप शर्मा, राजेश गुप्ता, अजय सिंह, श्रीमती विभा सिंह एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की सबसे बड़ी कुंजी है। जब हम बच्चों को आधुनिक साधनों और सही मार्गदर्शन के साथ शिक्षित करते हैं, तो हम उनके साथ-साथ पूरे समाज को सशक्त बनाते हैं। यह पहल वसई क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है।

## फेडएक्स ने ग्लोबल इकोनॉमिक इम्पैक्ट रिपोर्ट जारी की

**मुंबई।** फेडएक्स कॉर्पोरेशन ने आज अपनी वार्षिक ग्लोबल इकोनॉमिक इम्पैक्ट रिपोर्ट जारी की, जिसमें कंपनी के वैश्विक नेटवर्क और 2025 वित्त वर्ष (FY25) के दौरान नवाचार को प्रोत्साहित करने में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। यह अध्ययन, प्रमुख बिजनेस डेटा और एनालिटिक्स प्रदाता डन एंड ब्रैडस्ट्रीट के सहयोग से तैयार किया गया है, जो विश्वभर में व्यक्तियों, व्यवसायों और समुदायों पर फेडएक्स के सकारात्मक प्रभाव, जिसे फेडएक्स इफेक्ट कहा जाता है, को रेखांकित करता है।

राज सुब्रमण्यन, प्रेसिडेंट और सीईओ, फेडएक्स कॉर्पोरेशन, ने कहा, पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से, फेडएक्स ने अभिनव शिपिंग सेवाओं के माध्यम से वैश्विक वाणिज्य का विस्तार किया है, जो समुदायों को एक-दूसरे के और करीब लाती हैं। हमारी नवाचार की संस्कृति, हमारी टीम की उत्कृष्ट सेवा भावना और साहसिक विचारों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, फेडएक्स नेटवर्क ने इस वर्ष तेजी से विकसित हो रहे व्यापारिक परिदृश्य और आपूर्ति श्रृंखला में हो रहे परिवर्तनों के बीच वैश्विक प्रगति को निरंतर गति दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, फेडएक्स ने वित्त वर्ष 2025 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 126 बिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आर्थिक योगदान दिया। यह आँकड़ा फेडएक्स नेटवर्क के व्यापक पैमाने और वन फेडएक्स के रूप में अपने पहले वित्त वर्ष के दौरान सेवाओं को बेहतर बनाने और संचालन को अनुकूलित करने के कंपनी के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। भारत में फेडएक्स का योगदानः फेडएक्स 220 देशों और क्षेत्रों तक फैले अपने वैश्विक नेटवर्क के माध्यम से मध्य पूर्व, भारतीय उपमहाद्वीप और अफ्रीका (एमईआईएसए) की तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं को दुनिया के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। एमईआईएसए क्षेत्र के भीतर, भारत एक उच्च-विकास वाले बाजार और डिजिटल हब के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जो नवाचार और नेटवर्क दक्षता को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। वित्त वर्ष 2025 में, फेडएक्स ने एमईआईएसए के परिवहन, भंडारण और संचार क्षेत्र में शुद्ध आर्थिक उत्पादन में प्रत्यक्ष रूप से 0.1% का योगदान दिया और अप्रत्यक्ष रूप से क्षेत्र की समग्र अर्थव्यवस्था में 330 मिलियन डॉलर का योगदान किया, जो पिछले वित्त वर्ष (वित?त वर्ष 24) की तुलना में 17% की वृद्धि दर्शाता है।

## एलन पटना के 54 स्टूडेंट्स आरएमओ के लिए चयनित

**पटना (उत्तरशक्ति)।** इंटरनेशनल मैथेमेटिकल ओलम्पियाड के लिए पहले चरण इंडियन ओलम्पियाड क्वालीफायर इन मैथेमेटिक्स (आईओक्यूएम) के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट पटना के विद्यार्थियों ने बिहार का नाम रोशन किया है। एलन के बिहार-झारखंड-एमपी जोनल हैड डॉ. विपिन योगी ने बताया कि मैथेमेटिक्स टीचर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित इस परीक्षा में एलन पटना के कुल 54 स्टूडेंट्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रीजनल मैथेमेटिक्स ओलंपियाड (आरएमओ) स्टेज-2 के लिए क्वालिफाई किया है। इसमें 25 स्टूडेंट्स कक्षा 11, तीन स्टूडेंट्स कक्षा 12, कक्षा 10 में 17, कक्षा 9 में सात एवं दो स्टूडेंट्स कक्षा 8 में अध्ययनरत हैं। इन परिणामों से एलन कोटा के 37 सालों का अनुभव एक बार फिर सिद्ध हुआ और अपनी स्थापना के दूसरे साल में ही एलन पटना ने शानदार परिणाम दिए हैं। एलन पटना की यह उपलब्धि समूचे बिहार के लिए गौरव की बात है। स्टूडेंट्स ने अपनी मेहनत, समर्पण, लगन और अनुभवी फैकल्टीज के मार्गदर्शन में यह मुकाम हासिल किया है। एलन सदैव प्रतिभाओं को दिशा देने का कार्य करता रहेगा। योगी ने बताया कि नेशनल रिजल्ट की बात करें तो पूरे भारत से कुल 6831 विद्यार्थी आरएमओ के लिए क्वालीफाई हुए हैं, जिनमें अभी तक की गणना के अनुसार एलन के कुल 1198 विद्यार्थी शामिल हैं। आईओक्यूएम परीक्षा पूरे भारत में विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 7 और 28 सितंबर को आयोजित की गई थी। अब 16 नवंबर को आरएमओ का आयोजन किया जाएगा। आरएमओ के बाद आईएनएमओ और ओसीएससी कैम्प आयोजित किया जाता है। कैम्प में प्रदर्शन के आधार पर 5 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन किया जाता है, जो इंटरनेशनल मैथेमेटिकल ओलम्पियाड (आईएमओ-2026) में भारत का प्रतिनिधित्व करती है। इस बार आईएमओ-2026 का आयोजन शंघाई, चीन में होगा।

## पुलिस ने फजीवाड़ा करने वाले बीबीए के चार छात्र को गिरफ्तार किया

**सोनभद्र (उत्तरशक्ति)।** सोनभद्र जिले की पिपरी पुलिस और साइबर क्राइम की टीम ने दुकानों के क्यूआर कोड के जरिए ऑनलाइन ठगी करने वाले एक शातिर गिरोह का खुलासा किया है। इस गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। सभी बीबीए के छात्र हैं और डेटा एनालिसिस की पढ़ाई करते थे। उनके कब्जे से ठगी में प्रयुक्त होने वाले चार मोबाइल फोन और दो बाइकें बरामद की गई हैं। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को कई अहम जानकारी दी है। आगे की जांच जारी है।

रेणुकूट निवासी अजय कुमार चौरसिया ने बीते शुक्रवार को पिपरी थाने पहुंचकर तहरीर सौंपी थी। अवगत कराया था कि वह आधार कार्ड के जरिए लोगों को उनके अकाउंट से पैसे निकालकर देता है। इसी कड़ी में चार युवक उसकी दुकान पर आए और अपना आधार कार्ड देने की बजाय उसकी दुकान के क्यूआर कोड के जरिए किसी परिचित से पैसे मंगाने की बात कही। उन्होंने उसकी तस्वीर खींचकर किसी को भेजी और उसके जरिए पांच हजार दो सौ की रकम मंगवाई। इसके बदले उससे कैश लेकर चले गए। जब उसे बैंक के जरिए उसके खाते की उतनी रकम निकासी से रोके जाने की जानकारी मिली तब उसे धोखाधड़ी की जानकारी हुई। मामला दर्ज कर प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र राय, एएसआई शिवकुमार सिंह और प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना धर्मेंद्र कुमार चौधरी की अगुवाई वाली टीम ने इसकी छानबीन की तो पता चला कि लखनऊ के गोयल इंस्टिट्यूट और महर्षि यूनिवर्सिटी से बीबीए, डेटा एनालिसिस का कोर्स करने वाले छात्रों का ग्रुप ऑनलाइन ठगी करने में लगा हुआ है। सीओ पिपरी अमित कुमार ने बताया कि शनिवार की देर रात मिली जानकारी के आधार पर पिपरी क्षेत्र के मुर्धवा मोड़ से आर्यन सिंह, अंगद सिंह निवासी रेमंड शाप के पीछे रेणुकूट, मो.आरिफ निवासी अकबरपुर जिला रोहतास, बिहार हाल पता जैन काम्प्लेक्स के पीछे वार्ड नंबर 3 रेणुकूट और मो. तौहीद वारसी निवासी सनौल थाना सुहवल जिला गाजीपुर हाल पता जैन काम्प्लेक्स के पीछे वार्ड तीन रेणुकूट को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि यह गिरोह जनसेवा केंद्रों और वित्तीय संस्थानों से संपर्क कर उनका क्यूआर कोड हासिल कर लेता था और उसी कोड का उपयोग कर फर्जी ट्रांजेक्शन के जरिए पैसे मंगवाता था। एसपी अभिषेक वर्मा ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान क्यूआर कोड या लिंक को स्कैन ना करें।

## शॉर्ट सर्किट से प्लास्टिक फैक्टरी में लगी आग, करोड़ों का नुकसान



**कानपुर देहात (उत्तरशक्ति)।** रनिया के रायपुर स्थित एक प्लास्टिक फैक्टरी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने की जानकारी पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी दमकल टीम के कई वाहन लेकर पहुंचे। आग से करीब पांच करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। रायपुर की प्रियांशु इंटरप्राइसेज में प्लास्टिक का सामान बनता है। सोमवार सुबह छह बजे के करीब फैक्टरी गोदाम में आग लग गई। फैक्टरी कर्मियों की जानकारी पर रनिया थाना पुलिस पहुंची। इसके बाद माती मुख्यालय से तीन दमकल गाड़ियां मंगवाई गईं। मौके पर पहुंचे एएसपी राजेश पाण्डेय, सीएफओ प्रतीक श्रीवास्तव, सीओ आलोक कुमार सहित दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग को नियंत्रण में किया। मौके पर फैक्टरी मालिक सुरेंद्र सिंह पहुंचकर स्थित देख हैरान रह गए। फैक्टरी मालिक ने बताया कि लगभग 6 करोड़ का नुकसान हुआ है। सीएफओ प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि फैक्टरी में फायर की एनओसी नहीं है। आग बुझाने के कोई उपकरण नहीं मिले है। एएसपी राजेश पाण्डेय ने बताया कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। दकमल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है।






## टी.डी. कॉलेज रोड पर कैफे संस्कृति पर उठे सवाल

### स्थानीय लोगों ने देर रात तक चल रहे केबिन कैफे पर जताई आपत्ति



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शहर के प्रमुख मार्ग टी.डी. कॉलेज रोड पर खुले कुछ कैफे अब चर्चा का विषय बन गए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इन कैफों में देर रात तक युवाओं की आवाजाही बनी रहती है, जिससे आसपास के लोगों को असुविधा हो रही है। कई कैफे में बने प्राइवेट केबिन को लेकर भी लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। नागरिकों का कहना है कि इस तरह की व्यवस्था से सार्वजनिक स्थानों की मयार्दा प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से ऐसे कैफों की नियमित जांच और लाइसेंस सत्यापन की मांग की है। सामाजिक संगठनों ने अपील की है कि शहर की युवा पीढ़ी को स्वस्थ मनोरंजन व कैफे संस्कृति के सकारात्मक स्वरूप को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि यदि किसी प्रतिष्ठान में नियम विरुद्ध गतिविधियां पाई जाती हैं, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## बदलापुर महोत्सव के तीसरे दिन विद्यालयों एवं सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बदलापुर महोत्सव के तीसरे दिन आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के कलाकारों, स्थानीय कलाकारों द्वारा लोकनृत्य, नाट्य मंचन, कवि सम्मेलन, एवं संगीत प्रस्तुतियां दी गईं, जिनसे उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो उठा।

कार्यक्रम में प्रदर्शन करने वाले कलाकारों एवं विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।

बदलापुर महोत्सव के दौरान विधायक रमेशचंद्र मिश्रा के नेतृत्व एवं आयोजन में चल रहे सातवें बदलापुर महोत्सव के समापन के दिन विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं, घुड़सवारी प्रतियोगिता, सम्मान समारोह तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान, व्यवसायी, चिकित्सक, प्रतिभाशाली छात्र-



छात्राओं एवं कलाकारों को सम्मानित किया गया। इसके उपरांत बदलापुर महोत्सव में 09 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। इसके साथ ही अरविंद सिंह, बृजेश यादव, कृष्ण कुमार, जितेंद्र मौर्य, अशोक कुमार, अंकित सिंह, प्रमोद मौर्या, शिव प्रकाश मौर्य सहित अन्य लाभार्थियों को कृषक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 योजना अंतर्गत मशरूम की प्रोसेसिंग यूनिट हेतु श्रीमती सुनीता राय के प्रतिनिधि तरुण राय को यूनियन बैंक द्वारा स्वीकृत लोन कुल 7.50 करोड़ का डमी चेक माननीय विधायक बदलापुर रमेश मिश्रा जी द्वारा दिया गया। कृषि विभाग अन्तर्गत अच्छे लाल, मनोज कुमार सिंह, रामसमुझ यादव, आदित्य नारायण चतुर्वेदी, दयाराम सरोज, विनय यादव, दीपक मिश्रा, श्रीधर पांडेय को प्रमाण-पत्र, मुख्यमंत्री स्वदेशी गो संवर्धन योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत दो स्वदेशी गायों की इकाई के स्थापना किए जाने हेतु दो लाख रुपये की योजना में 40 प्रतिशत अनुदान की धनराशि 80 हजार प्राप्त करने वाले लाभार्थी राधेश्याम यादव, श्रीमती विमला देवी मिश्रा, पंकज कुमार मिश्रा, श्रीमती प्रेमा देवी, सुनील सिंह को स्वीकृति प्रमाण-पत्र दिया गया। पशुपालन विभाग अन्तर्गत 1200 पशुपालकों को 3000 से अधिक पशुओं की दवा, 500 लोगों को नैपियर घास की जड़े वितरित किया गया है। पंचायती राज विभाग द्वारा सफाई मित्रों को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया गया। महोत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का विधायक द्वारा अवलोकन किया। सातवें बदलापुर महोत्सव के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक संध्या के समापन कार्यक्रम में आज राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, दानिश आजाद अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

## तेलंगाना बस हादसे का खौफनाक मंजर, 19 की मौत



हैदराबाद। तेलंगाना में हुए एक भीषण हादसे में जीवित बचे लोगों में से एक ने बताया कि बस चालक के पीछे की सीटों पर बैठे अधिकतर यात्रियों की दुर्घटना में मौत हो गई जबकि कंडक्टर के पीछे वाली सीटों पर बैठे लोग बच गए। तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में बजरी से लदे एक ट्रक और एक बस की सोमवार को आमने-सामने की टक्कर होने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। जीवित बचे व्यक्ति ने इस भयावह घटना के बारे में बताया कि वह बस में सो रहा था तभी एक जोरदार धमाके से उसकी आंख खुली और उसने स्वयं को बजरी में आधा दबा पाया। उसने मीडिया से कहा, कई लोग बजरी के नीचे दब गए। ट्रक विपरीत दिशा से आ रहा था। मैं बस के बाईं ओर बैठा था। हम तो किसी तरह बाहर निकल पाए लेकिन बस चालक के पीछे बैठे लोग नहीं निकल पाए और उनमें से कुछ की मौत हो गई। मैं कंडक्टर के तीन पंक्तियां पीछे बैठा था।" व्यक्ति ने बताया कि वह एक खिड़की खोलकर बाहर आ गया तथा उसके पीछे छह और लोग भी थे। उसने बताया कि बाद में एक अन्य व्यक्ति ने और यात्रियों को बाहर निकलने में मदद करने के लिए खिड़की के शीशे तोड़े। चेवेल्ला के सरकारी अस्पताल में एक चिकित्सक ने बताया कि दुर्घटना के शिकार कई लोगों की हड्डियां टूट गई हैं और उनके चेहरे, पेट एवं पैरों में चोटें आई हैं। घायलों का इलाज जारी है और उन्हें हैदराबाद के बड़े सरकारी अस्पतालों में रेफर किया गया है। टेलीविजन पर प्रसारित तस्वीरों में दिख रहा है कि बस का आधा हिस्सा बजरी से भर गया जिसके कारण यात्री अंदर ही फंस गए।

## नायगांव पुलिस थाने की अपराध दमन शाखा ने अपहृत 6 वर्षीय बालक को ढूंढ़ने में सफल

वसई (उत्तरशक्ति)। नायगांव पुलिस थाने की टीम ने अपहरण 6 वर्षीय बालक को उसके माता-पिता के पास वापस पहुंचाने में सफलता प्राप्त की। आगे बता दे की 24 अक्टूबर 2025 को, नायगांव पुलिस थाने की सीमा में, शिकायतकर्ता ने अविनाश रतनलाल गिरी, उम्र 41 वर्ष, नायगांव पूर्व तालुका वसई जिला पालघर के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 137(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था, जो गुस्से में अपने घर से निकल गया था। उसकी अज्ञानता का लाभ उठाकर, किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे किसी प्रकार का लालच दिखाकर शिकायतकर्ता की कानूनी हिरासत से दूर ले गया। नायगांव पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में, नायगांव पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 137(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ने अपराध अन्वेषण शाखा को दो अलग-अलग टीमें गठित कीं और सष्टीकरपाड़ा, जहाँ उक्त बालक रहता था, के लगभग 200 से 220 सीसीटीवी फुटेज की जाँच की, फिर कामन रेलवे स्टेशन, वसई रेलवे स्टेशन, नालासोपारा रेलवे स्टेशन, दादर रेलवे स्टेशन और फिर महालक्ष्मी रेलवे स्टेशन व उसके आसपास के क्षेत्रों की जाँच की। महालक्ष्मी (मुंबई) क्षेत्र से अपहृत उक्त बालक को हिरासत में लेकर उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है। उक्त अपराध की जाँच सपोनी मनीषा पाटिल द्वारा की जा रही है।

उपरोक्त कार्य आयुक्त द्वारा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। जिसमें निकेत कौशिक, पुलिस आयुक्त, दत्तात्रेय शिंदे, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, श्रीमती पौर्णिमा चौगुले, पुलिस उपायुक्त, सर्कल 2 वसई, नवनाथ घोगरे, सहायक पुलिस आयुक्त वसई डिवीजन, नायगांव पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय हजारे, पुलिस निरीक्षक (अपराध) विजय कदम, सपोनी गणेश केकन, मासपोनी मनीषा पाटिल, पौपानिरी ज्ञानेश्वर अस्वे, पौपानिरी अनिल मोरे, पोहवा शेखर पवार, सचिन ओलेकर, सचिन मोहिते, अनिल बोडके, पी.ओ.एम. चेतन ठाकरे, सचिन खंटल, जयवंत खांडवी, अमर पवार, अशोक पाटिल, पाडुरंग महाले, विशाल ढेपले, शामिल थे।

## गैर इरादतन हत्या में चार को 8 वर्ष की जेल

जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। खेतासराय थाना क्षेत्र में 3 वर्ष पूर्व पुरानी रंजिश को लेकर गैर इरादतन हत्या करने वाले चार आरोपियों को अपर सत्र न्यायाधीश पंचम पशुपतिनाथ मिश्रा की अदालत ने आठ-आठ वर्ष के कारावास व 6-6 हजार रुपए अर्थ दंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार खेतासराय थाना क्षेत्र के सोंगर गांव निवासी नाजिम पुत्र शमशेर ने 23 नवंबर 2022 को मुकदमा पंजीकृत करवाया की 12:00 दिन में उसके गांव के कासिब, ताबिश, साजिद अपने बहनोई मोइज्जम के साथ मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर उसके भाई तालिब व हाशमी को लाठी, डंडा, सरिया व रम्भा से मारने लगे। दोनों लोग जान बचाकर घर में भागे, तो चारों आरोपी घर में घुसकर दोनों लोगों को बुरी तरह मार कर घायल कर दिया। तालिब बेहोश हो गया। सदर अस्पताल जौनपुर में हाशिम को भर्ती करवाया गया जबकि तालिब को बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया जहां दौरान इलाज 26 नवंबर 2022 को उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश कुमार पांडेय के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने चारों आरोपियों को गैर इरादतन हत्या का दोषी पाते हुए उक्त दंड से दंडित किया।

## विद्या देवी बिंद के निधन पर बिंद समाज में शोक की लहर



आजमगढ़(उत्तरशक्ति)। रविवार को लगभग शाम 4:00 बजे विद्या देवी पत्नी जयकिशन बिंद 48 वर्ष अपने आवास ग्राम सभा सुघरपुर मार्टिनगंज आजमगढ़ उत्तर प्रदेश में लंबी बीमारी से लड़ते हुए ने दुनिया को अलविदा कह दिया। विद्या देवी अपने पीछे पुत्र निलेश कुमार बिंद, पुत्र मिथिलेश कुमार बिंद, एवं भरा पूरा परिवार छोड़ गई, उनके पति जयकिशन बिंद बिंद समाज विकास संघ के प्रमुख समाजसेवी मानखुर्द मुंबई के शाखा अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। मुंबई में रहकर अपने पूरे परिवार का भरण पोषण करते हुए अपने धर्मपत्नी के लिए मुंबई से लेकर वाराणसी बीएचयू जौनपुर गवर्नमेंट एवं निजी अस्पतालों में इलाज करने में अथक प्रयास किया। पर ईश्वर को मंजूर नहीं था उन्होंने अपने चरणों में विद्या देवी को स्थान दे दिया। बिंद समाज सहित पूरे ग्राम सभा एवं जिला आजमगढ़ जौनपुर के हर समाज के लोगों ने उनको श्रद्धांजलि देने पहुंचे। सभी की आंखें आंसुओं से भरी हुई दिखाई दे रही थी। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना किया कि मृतक आत्मा को ईश्वर अपने चरणों में स्थान दें और उनके दुखित परिवार को हिम्मत और साहस दे।

## गोरेयाकोठी और महाराजगंज विस के सभी बूथों पर होगी वेबकास्टिंग

सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार सिवान के महाराजगंज निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव को भरोसेमंद और पारदर्शी बनाने के लिए तकनीकी तरीका अपनाया है। सीवान जिले के महाराजगंज के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम अनीता सिन्हा व गोरेयाकोठी विधान सभा के निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर अमन आनंद ने बताया कि प्रथम चरणों में हर बूथ पर वेबकास्टिंग होगी ताकि फर्जी वोटिंग, अनुशासनहीनता जैसी घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। अधिकारी द्वय ने बताया कि आयोग के मुताबिक, यह कदम लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास, जवाबदेही और सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। अब किसी भी मतदान केंद्र की स्थिति पर रियल टाइम में नजर रखी जा सकेगी और जरूरत पड़ने पर तत्काल निर्णय लिए जा सकेंगे। सभी बूथों पर कैमरा नजरः निर्वाचन आयोग के अनुसार, पहले चरण में महाराजगंज और गोरिया कोठी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग प्रणाली लागू की जाएगी। आयोग का आदेश है कि हर बूथ पर कैमरे लगाए जाएंगे जिनसे राज्य के नियंत्रण कक्ष, निर्वाचन कार्यालय और केन्द्रीय निगरानी कक्ष तक एक साथ लाइव फीड पहुंचाई जाएगी। यह प्रणाली इस तरह तैयार की गई है कि किसी केंद्र पर अनियमितता, पकड़ी जा सके। अनुशासनहीनता की स्थिति में अधिकारी पर तुरंत कार्रवाई किया जा सके। वेबकास्टिंग के जरिए मतदाताओं को यह भरोसा भी मिलेगा कि उनके वोट पर किसी तरह का आंच नहीं आएगा।

## भाजपा कार्यकर्ता ने चाय वाले की पत्नी से की छेड़खानी, सिपाही को गिरा के पीटा

आजमगढ़। यूपी के आजमगढ़ जिले में एक भाजपा कर्यकर्ता की गुंडई सामने आई है। दरअसल, आरोप है कि पहले तो उसने चाय बेचने वाले की पत्नी से छेड़खानी किया, वहां मौजूद सिपाही ने इसका विरोध किया फिर उसे भी पीट दिया। आपको बता दें कि पूरा मामला जिले के महराजगंज कोतवाली परिसर स्थित फायर स्टेशन का है। स्टेशन के बगल में एक चाय की दुकान है। दुकान वाले व्यक्ति की पत्नी दुकान पर मौजूद थी, तभी भाजपा कार्यकर्ता एवं जिला पंचायत सदस्य फौजदार यादव ने उसके साथ छेड़खान करने लगा। तभी मौके पर मौजूद सिपाही अभिषेक पांडेय ने उसकी हरकतों का विरोध किया। लेकिन कानून की भी परवाह न करते हुए आरोपी पिसाही से भिड़ गया। थोड़े ही देर में उसने अपने साथियों को मौके पर बुला लिया और सिपाही को जमकर पीटने लगा। सिपाही के चिल्लाने की आजाव सुन आस-पास खड़े पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे फिर उसकी जान बची।

## जेसीआई जौनपुर युवा का चुनाव सम्पन्न, शिवेंद्र गुप्ता अध्यक्ष एवं श्रेयश जायसवाल सचिव निर्वाचित



जौनपुर ( उत्तरशक्ति)। जेसीआई जौनपुर युवा का वार्षिक चुनाव/चयन कार्यक्रम अध्यक्ष जेसी अवनीश केशरवानी की अध्यक्षता में नगर स्थित जौनपुर रेस्टोरेंट में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम निवर्तमान अध्यक्ष एवं चुनाव अधिकारी जेसी आकाश केशरवानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जेसी आलोक सेठ, मंडल अधिकारी जेसी गौरव सेठ, जेसी कृष्ण कुमार जायसवाल एवं जेसी संजय गुप्ता की नामांकन समिति ने सभी नामांकित सदस्यों के इंटरव्यू लिए। अध्यक्ष पद हेतु शिवेंद्र गुप्ता एवं मोहित श्रीवास्तव, सचिव पद हेतु श्रेयश जायसवाल, प्रभात भाटिया और स्वतंत्र मौर्य तथा उपाध्यक्ष पद हेतु अभिषेक मौर्य के नाम आए। तत्पश्चात सर्वसम्मति से वर्ष 2026 के लिए शिवेंद्र गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया। वहीं सचिव पद हेतु प्रभात भाटिया एवं स्वतंत्र मौर्य ने अपना समर्थन श्रेयश जायसवाल को दिया, जिसके फलस्वरूप श्रेयश जायसवाल सचिव निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद के लिए अभिषेक मौर्य को चुना गया। इसके उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा प्रभात भाटिया को कोषाध्यक्ष एवं स्वतंत्र मौर्य को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष जेसी आलोक सेठ ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि लक्ष्य हमेशा बड़ा रखना चाहिए। संस्था एक परिवार की भांति होती है, जिसे साथ लेकर आगे बढ़ना आवश्यक है। उन्होंने जेसी आस्था पाठ की प्रत्येक पंक्ति को जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। इसी क्रम में मंडल अधिकारी जेसी गौरव सेठ, जेसी कृष्ण कुमार जायसवाल, जेसी संजय गुप्ता तथा अध्यक्ष जेसी अवनीश केशरवानी ने भी नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं दीं। अपने स्वीकृति उद्बोधन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिवेंद्र गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2026 में जेसीआई जौनपुर युवा को जनपद की सर्वश्रेष्ठ संस्था बनाने हेतु वे पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में संस्था अपना सर्वोत्तम योगदान देगी।

कार्यक्रम में जेसी रश्मि केशरवानी, जेसी दीक्षा अग्रहरि, जेसी जूही वर्मा, जेसी आबिश इमाम, जेसी अभिषेक बैंकर, जेसी शिखर माहेश्वरी, जेसी गौतम सेठ, जेसी शैंकी प्रधान, जेसी शुभम साहू, जेसी राहुल प्रजापति, जेसी सुमित साहू, जेसी सूरज सेठ, जेसी प्रियांशु साहू, जेसी निखिल श्रीवास्तव जेसी हर्षित केशरी सहित तमाम सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नवनिर्वाचित सचिव श्रेयश जायसवाल ने सभी आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सऊदी में आयोजित 'प्रवासी परिचय' उत्सव में दिखे भारतीय राज्यों के विविध रंग



रियाद। सउदी अरब की राजधानी रियाद में भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित सांस्कृतिक उत्सव 'प्रवासी परिचय' के तीसरे संस्करण का 3 नवंबर को धूमधाम से समापन हुआ। 28 अक्टूबर को शुरू हुए इस सात दिवसीय आयोजन में भारतीय संस्कृति, परंपरा और कला का रंगारंग प्रदर्शन किया गया। भारतीय दूतावास के सभागार में आयोजित उत्सव की शुरूआत बॉलीवुड म्यूजिकल नाइट से हुई, जिसमें प्रवासी भारतीय कलाकारों ने हिंदी फिल्मों के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी। फेस्ट के दूसरे दिन, 29 अक्टूबर को सूफियाना कव्वाली नाइट का आयोजन हुआ, जिसमें सूफी संगीत की आत्मीयता और भारतीय संगीत परंपरा की नायाब झलक देखने को मिली। भारतीय दूतावास के अनुसार, इस मौके पर आयोजित स्टेट डे के तौर पर तमिलनाडु, तेलंगाना, महाराष्ट्र, जम्मू एवं कश्मीर, गोवा और आंध्र प्रदेश की संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित किया गया। आंध्र प्रदेश ने कुचिपुड़ी, अर्थनारीश्वर और वराह नृत्यों और जीवंत टॉलीवुड प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध कर दिया। तमिलनाडु ने शास्त्रीय संगीत, भरतनाट्यम, लोकगीत नृत्य और सिलंबम मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया। गोवा ने जीवंत कुनबी लोक नृत्य प्रस्तुत किया। जम्मू एवं कश्मीर ने मनमोहक रौफ नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाराष्ट्र ने लावणी और दही हांडी नृत्य के साथ एक दिव्य गणेश आराधना प्रस्तुति दी, जबकि तेलंगाना ने माथुरी और गुसादी लोक नृत्यों, बोनालु और बथुकम्मा समारोहों और ढोलक के गीत से लेकर शानदार कव्वाली तक शाम को जगमगा दिया। वहीं तीसरे दिन भारत के अन्य पांच राज्यों की विविधता को दशार्या गया। इस दौरान गुजरात के गरबा, मटकी गरबा और डांडिया की ऊर्जा से मंच चमक उठा। वहीं कलाकारों ने कर्नाटक के कथक, कोलाटा, कूर्ग और कामसाले लोक नृत्यों, पारंपरिक कोला नृत्य, भावपूर्ण लोकगीतों और जीवंत टाइगर नृत्य व कव्वाली से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर ओडिशा की ओडिसी, संबलपुरी लोक नृत्य और आनंदमय दही पखाला नृत्य की धूम रही, जबकि पंजाब के ऊजार्वान भांगड़ा और मनमोहक गिद्दा के साथ-साथ पंजाबी संस्कृति पर एक जीवंत नाटक से मंच पर धूम मचा दी। इसके अलावा उत्तराखंड के समूह ने अपने पहाड़ी नृत्य और मधुर लोकगीतों से समा बांध दिया। उत्सव का समापन 3 नवंबर को 'गीता महोत्सव' से हुआ। इस अवसर पर महाभारत की पृष्ठभूमि पर आधारित एक संगीतमय नाट्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया, जिसमें भगवद गीता के शाश्वत संदेश को आधुनिक जीवन से जोड़कर पेश किया गया। रियाद स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, प्रवासी परिचय का उद्देश्य भारतीय समुदाय को एक मंच देना है, जहां वे अपनी संस्कृति, भाषा और परंपराओं को साझा कर सकें और भारत-सऊदी अरब के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत बना सकें।

## प्रोफेसर मनोज मिश्र को मातृशोक, शिक्षाविदों व सामाजिक जगत में शोक की लहर



नौपेंड़वा, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बक्शा विकास खंड के चुरावनपुर (तेलीतारा) गांव में रविवार की रात गहरा सन्नाटा छा गया, जब ख्यातिलब्ध चिकित्सक, साहित्यकार एवं जननेता स्वर्गीय डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मिश्र की धर्मपत्नी, समाजसेवा और जनकल्याण के कार्यों से जीवनभर जुड़ी रहीं 95 वर्षीय हीरावती मिश्र का निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय हीरावती मिश्र न केवल एक प्रतिष्ठित परिवार की मुखिया थीं, बल्कि अपने व्यवहार, सादगी और समाज के प्रति समर्पण के लिए भी जानी जाती थीं। वे अपने समय में ग्राम पंचायत चुरावनपुर की लोकप्रिय प्रधान भी रही थीं। स्व. हीरावती मिश्र के दो पुत्रों में बड़े पुत्र डॉ. अरविंद मिश्र मत्स्य विभाग में उप निदेशक पद से सेवानिवृत्त हैं, जबकि छोटे पुत्र प्रो. डॉ. मनोज मिश्र वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सामाजिक संकाय के संकायाध्यक्ष एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष हैं। उनकी अंत्येष्टि सोमवार को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर सम्पन्न हुई, जहां परिवारजनों के साथ क्षेत्रवासियों की भीड़ उमड़ पड़ी। अंतिम संस्कार के दौरान वातावरण शोकाकुल रहा। इस अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह, डीआईजी वाराणसी राजेश सिंह, विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षकगण, वाराणसी के प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। हीरावती मिश्र के निधन की सूचना मिलते ही सुबह से ही उनके गांव में लोगों का तांता लग गया। विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, पत्रकार, शिक्षक, विद्यार्थी और क्षेत्रीय नागरिकों ने उनके आवास पहुँचकर प्रोफेसर मनोज मिश्र सहित परिजनों को ढांढस बंधाया और स्वर्गीय हीरावती मिश्र को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका जाना क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। समाजसेवा के प्रति समर्पित उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

## कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स ने मुंबई की भागदौड़ के बीच सुकून और शांति का एहसास

मुंबई। कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स लिमिटेड ने त्योहारों के इस मौसम में एक और खुशखबरी जोड़ते हुए वसोर्वा में अपने बुटीक प्रोजेक्ट सेरेनोवा की शुरूआत की है। यह प्रोजेक्ट मुंबई की भागदौड़ के बीच निवासियों को सुकून और आराम का एक बेहतर ठिकाना प्रदान करता है। इस प्रोजेक्ट में सावधानीपूर्वक और योजनाबद्ध तरीके से 2 और 3 बेडरूम वाले आवास शामिल किए गए हैं, जिनकी शुरूआती कीमत 3.2 करोड़ रुपये है। यह प्रोजेक्ट विशेष रूप से उन लोगों के लिए तैयार किया गया है जो जगह, शांति और एक बेहतर जीवन को महत्व देते हैं, यह एक दुर्लभ आश्रय प्रदान करता है जहाँ मुंबई की तेज रफ्तार कुछ पल के लिए ठहर जाती है। सेरेनोवा के सभी 69 विशिष्ट आवासों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यहां खुलापन, प्राकृतिक रोशनी, वेंटिलेशन, हरियाली और प्राइवेसी का संतुलन बना रहे। ये सोच-समझकर किए गए बदलाव घरों में एक ऐसी शांति लाते हैं, जो लोगों को सुकून पाने और आराम करने के लिए प्रेरित करती है। इसके अलावा हर घर में प्राइवेट बालकनी, डिजिटल लॉक और मोशन सेंसर लाइट जैसी स्मार्ट होम सुविधाएँ हैं और साथ ही ऐसा डिजाइन है जो खूबसूरती और उपयोगिता दोनों का संतुलन रखता है। सेरेनोवा के लोकेशन में शांति और सुविधा का बेहतरीन मेल मिलता है। इसका केंद्रीय स्थान विभिन्न परिवहन सुविधाओं तक आसान पहुँच सुनिश्चित करता है। यह वसोर्वा मेट्रो स्टेशन, अंधेरी रेलवे स्टेशन और कई मेट्रो कॉरिडोर (जैसे लाइन 1, लाइन 2बी झ निमार्णाधीन, लाइन 7 अंधेरी ईस्ट- दहिसर रूट पर सक्रिय), और पूरी तरह चालू एक्वा लाइन 3 झ कोलाबा से बांद्रा कुरला काम्प्लेक्स-सीप्ज भूमिगत कॉरिडोर) के पास स्थित है। इसके अलावा, यह प्रोजेक्ट वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे और निमार्णाधीन वसोर्वाझबांद्रा सी लिंक से भी जुड़ा है, जो वसोर्वा, बांद्रा और दक्षिण मुंबई के बीच तटीय उत्तर-दक्षिण आवागमन को काफी आसान बनाएगा और पूरे शहर से जुड़ाव को और मजबूत करेगा। अपनी कनेक्टिविटी के अलावा, सेरेनोवा सामाजिक और जीवनशैली संबंधी बुनियादी ढाँचे के एक सुस्थापित और बेहतर इको सिस्टम से घिरा हुआ है।

## एकता का संदेश देने वाले श्री सत्य साई रन एंड राइड पहल ने मुंबईकरों को दी नई प्रेरणा




मुंबई। ताज लैंड्स एंड के पास स्थित ऐतिहासिक बांद्रा फोर्ट गार्डन में उगते सूरज की साक्षी में, ह्यश्री सत्य साई रन एंड राइड-संडेज ऑन साइकिल कार्यक्रम ने मुंबई में उत्साह, ऊर्जा और श्रद्धा की लहर पैदा कर दी। भगवान श्री सत्य साई बाबा की जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में महाराष्ट्र की श्री सत्य साई सेवा संगठन द्वारा आयोजित इस भव्य पहल को युवा एवं खेल मंत्रालय ने फिट इंडिया अभियान के माध्यम से देशव्यापी समर्थन प्रदान किया है। इस कार्यक्रम में सरकार, उद्योग जगत और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित अतिथि एवं गणमान्य व्यक्तियों में हरी रंजन राव सचिव, खेल मंत्रालय, भारत सरकार, निमिष पांड्या अखिल भारतीय अध्यक्ष, सत्य साई सेवा संगठन, राजन नवानी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, जेटसिंथेसिस, पांडुरंग चाटे क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण, विश्वास नांगरे पाटिल अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र, आर. मुकुंदन प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, टाटा केमिकल्स, नंदकुमार तिरुमलाई झ मुख्य वित्त अधिकारी, टाटा केमिकल्स, दिलीप जोशी अभिनेता, नारायण सेतुरामन प्रबंध निदेशक, सॅनमार मेटल मॅट्रिक्स उपस्थित थे। करीब 4500 से अधिक प्रतिभागियों ने दौड़ और साइक्लिंग – दोनों श्रेणियों में 3 किमी, 5 किमी और 10 किमी की दूरी के लिए हिस्सा लिया, जिससे सुबह का समय एकता और सामूहिक उत्साह के उत्सव में बदल गया। इस पहल के बारे में बोलते हुए निमिष पांड्या, अखिल भारतीय अध्यक्ष, श्री सत्य साई सेवा संगठन, भारत ने कहा, श्री सत्य साई रन एंड राइड केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा आंदोलन है जो कर्म के माध्यम से दिलों को जोड़ता है। भगवान श्री सत्य साई बाबा की जन्मशताब्दी मनाते हुए, हम उनके निःस्वार्थ प्रेम, एकता और सेवा के संदेश को आगे बढ़ा रहे हैं। आज मुंबई केवल दौड़ने या साइकिल चलाने के लिए नहीं, बल्कि इन शाश्वत मूल्यों की पुनर्पुष्टि करने के लिए एकत्र हुई है। श्री हरी रंजन राव, सचिव, खेल मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा, ऐसे आयोजन फिट इंडिया और युवा सशक्तिकरण के दृष्टिकोण से पूरी तरह मेल खाते हैं। श्री सत्य साई सेवा संगठन करुणा के माध्यम से फिटनेस, भक्ति के माध्यम से अनुशासन और सेवा भाव के माध्यम से शक्ति बढ़ाने के एक ही लक्ष्य के तहत नागरिकों को एकजुट कर रहा है यह वास्तव में प्रेरणादायक है।